खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 281 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम : $28^{0}$C

न्यूनतम : $23^{0}$C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

## विजयवाड़ा से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया

**बेंगलुरु।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर गुरुवार को बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स2011 फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। प्लेन के टेक ऑफ करने के पहले की घटना है। इससे विमान की नोज यानी आगे के हिस्से को नुकसान पहुंचा है। जैसे ही पायलट ने विमान का इंजन चालू किया, एक बाज विमान से टकरा गया। विजयवाड़ा से टेक ऑफ का समय सुबह 8.15 बजे का था। विमान को 9.40 बजे बेंगलुरू पहुंचना था। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक विमान में 160 से 165 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि वह यात्रियों के बेंगलुरु पहुंचने के लिए दूसरे विमान का इंतजाम कर रही है। पिछले तीन दिनों में दूसरी बार किसी भारतीय विमान से पक्षी के टकराने के कारण फ्लाइट कैंसिल हुई है।

## पीएमएलए मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष हुए पेश

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक मामले में गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम धवन से पूछताछ कर रही है और इस मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। जांच एजेंसी को संदेह है कि धवन के कुछ विज्ञापनों और प्रचारों के ज़रिए इस एप से संबंध थे। इससे पहले ईडी ने इस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी। सट्टेबाजी एप ने पिछले साल दिसंबर में रैना को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। ईडी ने हाल ही में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स की अपनी जांच तेज कर दी है। एजेंसी वनएक्सबेट, फेयरप्ले, परिमैच व लोट्स 365 जैसे प्रतिबंधित सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स के लिए फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा बनाए जा रहे विज्ञापनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

# रोटी, परांठा, दूध, हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री

## जीएसटी के अब केवल दो स्लैब 5 % व 18 % होंगे, 22 सितम्बर से लागू होंगे बदलाव

नई दिल्ली, वार्ता

- जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में लिया गया फैसला
- आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी व कार भी होंगी सस्ती
- होटल कमरों की बुकिंग सस्ती

अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितम्बर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350 सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितम्बर से लागू हो जाएंगे। हालांकि तंबाकू वाले सामान पर नई 40 प्रतिशत जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है। होटल के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वो भी तब जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7500 रुपये या उससे कम हो। सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जैसे जिम, सैलून, नाई की दुकान, योग सेंटर आदि, जो आम आदमी इस्तेमाल करता है। कैसिनो, रेस क्लब, या जहां कैसिनो और रेस क्लब हों, या फिर खेल इवेंट्स जैसे आईपीएल में एंट्री के लिए जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।




### स्टेडियम में आईपीएल देखना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** अब क्रिकेट फैंस को स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, क्योंकि सरकार ने जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी है। नई टैक्स व्यवस्था ने आईपीएल देखना एक लग्जरी एक्टिविटी माना है और इसे तंबाकू उत्पादों और कैसिनो जैसी सर्विसेज की ही कैटेगरी में रखा है। हालांकि आम क्रिकेट मैचों पर अभी भी 18 प्रतिशत जीएसटी ही लागू रहेगा। यानी ये बदलाव सिर्फ प्रीमियम स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए है। दूसरी ओर 100 रुपये तक की सिनेमा टिकटों पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 12 प्रतिशत था। लेकिन 100 रुपये से ज्यादा की टिकटों पहले की तरह 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं होटल बुकिंग, सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

# बारिश से पहाड़ों पर तबाही का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, वार्ता



- कहा: प्रकृति अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही
- केंद्र सरकार, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व पंजाब सरकार को नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई ने प्रकृति को क्रोधित कर दिया है, अब वह बदला ले रही है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने गुरुवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और इन चारों राज्यों समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने को कहा है। याचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई एक बड़ी वजह है। पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है, इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है। मेहता ने कहा कि वह पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव से संपर्क करेंगे और उनसे पूरी जानकारी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि हमनें प्राकृतिक चीजों के साथ हस्तक्षेप किया है कि अब वह हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर सहमति जताई। हिमाचल के कुल्लू में 24 जून को बादल फटने के बाद आई बाढ़ के चलते सैकड़ों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम तक पहुंची थीं।

## आतंकी फंडिंग केस में शबीर शाह को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शबीर अहमद शाह की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शाह ने आतंकी फंडिंग केस में स्वास्थ्य कारणों से राहत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे ठुकरा दिया। हालांकि शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शाह दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दे रहे हैं जिसमें उन्हें जमानत देने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप नाथ की पीठ के सामने वरिष्ठ अधिवक्ता कालिन गोंसाल्वेस ने शाह की ओर से दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें तुरंत अंतरिम जमानत की जरूरत है। इस पर जस्टिस नाथ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आज ही उन्हें छोड़ देना चाहिए?

## अस्पताल में चूहों के काटने से नवजात शिशुओं की मृत्यु शर्मनाक: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजात शिशुओं की मृत्यु को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि अस्पतालों का निजीकरण कर भाजपा सरकार गरीबों के लिए उपचार कठिन बना रही है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में कहा कि इंदौर में मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत, यह कोई दुर्घटना नहीं, यह सीधी-सीधी हत्या है। यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए। एक मां की गोद से उसका बच्चा छिन गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि सरकार ने अपनी सबसे बुनियादी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

## दिल्ली में यमुना का पानी सड़कों पर, फ्लाईओवर धंसा

### राहत शिविर डूबे, पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है।

मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छुट्टियां 7 सितम्बर कर दी गई हैं। बाढ़ से अब तक 1,75,286 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई हैं। 1 अगस्त से 3 सितम्बर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। यूपी के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। राजस्थान के अजमेर में जवाहर लाल नेहरू हास्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

## SC ने थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी का लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों के सामने आए मामलों के मद्देनजर देशभर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी पर गुरुवार को स्वतः संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस संबंध में एक आदेश पारित किया। पीठ ने 2025 में बीते आठ महीनों के दौरान पुलिस हिरासत में कथित तौर पर 11 लोगों की मृत्यु से संबंधित एक हिंदी दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर के आधार पर यह स्वतः संज्ञान कार्रवाई शुरू की। शीर्ष अदालत ने हिरासत में मौत से संबंधित एक मामले (परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह) में दिसम्बर 2020 में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि हर पुलिस थाने में नाइट विजन की क्षमता से युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

सभी देशवासियों को मां नंदा देवी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं














































## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी की जटिलताओं को दूर करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार के लिए सरकार की पहल को सही बताया, लेकिन कहा कि जो कदम उठाए गए हैं वे पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जन उपयोगी बनाने की जरूरत है। खड़गे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने इसे अत्यंत जटिल बना दिया था और आम आदमी को जीएसटी के घरिए कुचलने का काम हो रहा था इसलिए कांग्रेस ने इसे गब्बर सिंह टैक्स भी कहा था। उनका कहना था कि इसके अनुपालन में अभी जटिलताएं हैं और उन्हें दूर करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से कांग्रेस जीएसटी के सरलीकरण की मांग कर रही है।


### झेलम नदी के तटबंध में दरार, बाढ़ की आशंका

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी के तटबंध में दरार आने से श्रीनगर के निचले इलाकों में बाढ़ की आष्ठांका फिर से बढ़ गई है, जिसके बाद अधिकारियों ने सात निचले इलाकों में एहतियातन खाली करने की सलाह जारी की है। प्रशासन ने आज सुबह शलीना बडगाम में कथित दरार के मद्देनजर लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्एथपोरा, गोपालपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जिला प्रशासन श्रीनगर ने सूचित किया है कि शलीना, बडगाम में कथित दरार के कारण, एहतियाती उपाय के रूप में, लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्एथपोरा, गोलपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के निवासियों को इन इलाकों को खाली करके सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जाती है।

# टैरिफ पर लगा झटका, तो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ट्रम्प

## नहीं भा रही मोदी–पुतिन की दोस्ती, दिया अजीब तर्क

**वाशिंगटन, वार्ता**



डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने अदालत के उस फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें उनके ज्यादातर व्यापक टैरिफ को अवैध करार दिया गया था।

प्रशासन का तर्क है कि ये टैरिफ यूक्रेन में शांति के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। टैरिफ के बिना अमेरिका गरीब देश बन जाएगा। दस्तावेजों में कहा गया है कि टैरिफ के साथ अमेरिका एक अमीर राष्ट्र है। 27 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर टैरिफ दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया। दाखिल दस्तावेज में कहा गया है कि टैरिफ के बिना वह एक गरीब राष्ट्र है। राष्ट्रपति के मुताबिक एक साल पहले संयुक्त राज्य अमेरिका एक मृत देश था, और अब हमारे साथ इतना बुरा व्यवहार करने वाले देशों की ओर से दिए जा रहे खरबों डॉलर के भुगतान के कारण अमेरिका फिर से एक मजबूत, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सम्मानित देश है। एक अदालत ने फैसला सुनाया था कि ट्रम्प की ओर से लगाए गए कई टैरिफ अवैध थे, लेकिन टैरिफ को यथावत रहने दिया गया।

# शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं योगी

## 48 घंटे में जेल नहीं भेजा गया, तो प्रदेशभर में विद्यार्थी करेंगे आंदोलन: अभाविप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से माफियाओं को मिट्टी में मिलाया है, उसी तरह से अब समय आ गया है कि शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं।

घटना में निष्पक्ष न्याय के लिए अभाविप ने 48 घण्टे का समय देते हुए कहा है कि अगर दोषियों को जेल नहीं भेजा गया तो प्रदेश भर में छात्र आंदोलन करेंगे। गुरुवार को कैसरबाग स्थित अभाविप कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं और छात्रों पर बाहरी गुंडों ने हमला किया और पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया। सीओ ने किसके कहने पर लाठी चार्ज किया। इसका जवाब अब तक नहीं दिया गया है। लाठीचार्ज की घटना में शामिल पुलिसकर्मियों और बाहरी गुंडों पर एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने मामले की जांच कर रहे मंडलायुक्त की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक दिन में रिपोर्ट कैसे तैयार हो गई। अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से बुधवार को ही सशर्त (प्रोविजनल) अनुमति मिली है। इससे पहले तक विश्वविद्यालय अवैध तरीके से विधि पाठ्यक्रम चला रहा था। अभाविप की यह बात साबित हो गई है। उन्होंने यूनिवर्सिटी की तरफ से दो छात्रों के निष्कासन को अवैध बताते हुए कहा कि आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो छात्रों को बिना किसी चेतावनी के सीधे निष्कासित कर दिया गया। निष्काज़ित छात्रों के साथ न्याय किया जाए।

### राजभर के बयान पर भड़के एबीवीपी के कार्यकर्ता, देर रात किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी राजभर के एक विवादित बयान ने अभाविप के कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़का दिया। ओम प्रकाश राजभर ने अपने बयान में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को गुंडा करार दिया है। उनके इस बयान के खिलाफ बुधवार देर रात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क उठा। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर रात करीब 9 बजे लखनऊ में मंत्री के आवास पर पहुंचकर नारेबाजी की। आरोप है कि इस दौरान बाहर से राजभर के आवास में पथराव भी हुआ। हंगामे को देखते हुए इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया। कार्यकर्ता काफ़ी देर तक राजभर के आवास के बाहर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंक–झोंक और हाथापाई भी हुई जिसमें कई छात्रों को मामूली चोटें आई हैं।

### सीएम करेंगे कड़ी कार्रवाई: ब्रज भूषण

**लखनऊ/ सीतापुर।** भाजपा नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पीटे जाने की घटना को लेकर गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लिया है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बृजभूषण एक कार्यक्रम में ष्ठामिल होने सीतापुर पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात कही। बिहार में पीएम मोदी की मां के खिलाफ़ अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मोदी की मां की आलोचना जिस तरह से कांग्रेस के लोग अपनी कब्र खोद रहे है।

## सुरक्षा के माहौल में आता है निवेश, खुलते हैं रोजगार के द्वार: योगी

# गुंडा टैक्स सपा सरकार का संस्कार था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कटाक्ष किया कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण के मौके पर उन्होंने कहा कि निवेष्ठा की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद–पैकेजिग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर,



पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है और रोजगार के द्वार खुलते हैं। रोजगार से खुशहाली आती है।

### हर पात्र को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेष्ठा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए और जरूरतमंदों के इलाज से लेकर आवास तक की व्यवस्था के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर दिया जा रहा है। योगी ने यह निर्देष्ठा गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर में स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक–एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए भरोसा दिया कि सभी की समस्याओं का समाधान होगा।

### हम कर रहे सुरक्षा

योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेटी–बहन की इज्जत की परवाह नहीं की।

### ये उजाले के दुश्मन थे

योगी ने कहा कि सपा सरकार में उद्यमियों, व्यापारियों से वसूली होती थी, गुंडा टैक्स लिया जाता था। आज ऐसा करने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। किसी ने गुंडा टैक्स वसूला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सपा सरकार में बिजली यदा कदा आती थी। ये उजाले के दुश्मन थे। उन्होंने समाज में अराजकता फैलाई।

# बारिश प्रभावित राज्यों में जिम्मेदारी निभाएं सरकारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बसपा अध्यक्ष मायावती ने उठाई मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती ने यूपी समेत अन्य राज्यों में बारिश और भूस्खलन से हुई तबाही को लेकर गुरुवार को कहा कि केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को अपनी ज़म्मिदारी का निर्वहन करना चाहिए।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक ट्वीट कर यह बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भी खासकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम आदि इन राज्यों में भारी बरसात व भूस्खलन से भारी नुक़सान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ से हो रही व्यापक जान–माल व पशुधन की तबाही तथा गुरुग्राम व नोएडा आदि जैसे शहरी इलाकों में भी भारी जल भराव आदि की समस्याओं से करोड़ों परिवारों को जबरदस्त कठिनाइयों व आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पीड़ितों की राहत सहायता के लिए बड़े पैमाने पर स्वत: आगे आने की खबरें और तस्वीरें काफी संतोष देने वाली अच्छी खबर है, किन्तु ऐसे बुरे हालात में केन्द्र व सम्बंधित राज्य सरकारों को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।



सेंसेक्स 8145667
निफ्टी 24950.50



सोना रु. 105751
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार की घोषणा से उछला बाजार

**मुंबई, वार्ता**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े सुधारों की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 888.96 अंक की तेजी के साथ 81,456.67 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह गत दिवस के मुक. ाबले 549.72 अंक ऊपर 81,117.43 अंक पर था।

नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी–50 सूचकांक भी 265.70 अंक चढ़कर 24,980.75 अंक पर खुला। यह खबर लिखे जाते समय 135.50 अंक यानी 0.55 फीसदी ऊपर 24,950.50 अंक पर था। ऑटो, रियलिटी, एफएमसीजी, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के शेयरों में ज्यादा लिवाली रही। आईटी और धातु समूहों की कंपनियां दबाव में रहीं। जीएसटी परिषद ने बुधवार को दो मुख्य स्लैब के ढांचे को अपनाने और दरों में बदलाव के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी। इससे अब आम लोगों के उपभोग की अधिकतर चीजें पांच



■ सेंसेक्स और निफ्टी कई प्रतिशत अंक चढ़कर खुले

फीसदी कर के स्लैब में आ गई हैं। आज शेयर बाजार ने तेजी के साथ परिषद के इन फैसलों का स्वागत किया। संसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर छह प्रतिष्ठात की बढ़त में था। बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी तेजी में बने हुए हैं। वहीं, टाटा स्टील, इंफोसिस, पावर ग्रिड और सनफार्मा में गिरावट रही।

### जीएसटी सुधारों से बढ़ेगी वाहनों की मांग: फाडा

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) ने गुरुवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के फैसलों से मांग को बढ़ावा मिलेगा और देश का परिवहन तंत्र मजबूत होगा।

फाडा के अध्यक्ष एमसी विघ्नेश्वर ने एक बयान में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक को देष्ठा के ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि फाडा उन साहसिक और प्रगतिशील सुधारों का हार्दिक स्वागत करता है जो कर संरचना को सरल बनाते हैं, सार्वजनिक परिवहन के लिए दरों को कम करते हैं और सभी राज्यों में आम सहमति स्थापित करते हैं। यह एक निर्णायक कदम है जो सामर्थ्य को बढ़ाएगा, मांग को बढ़ावा देगा और देश के परिवहन तंत्र को और अधिक मजबूत तथा समावेशी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि ग्राहकों तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंच सके।

### सोने–चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने–चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। आज सोना 270 रुपए गिरकर 1,05,751 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,06,021 रुपए पर था। चांदी भी 320 रुपए गिरकर 1,22,900 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,010 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही, तो चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही। वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,000 रही। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# चावल–गेहूं नरम, खाद्य तेल.चीनी भी हुई सस्ती, दालों में रही घट–बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के दाम में नरमी रहने के साथ गेहूं का भाव भी टूट गया। खाद्य तेलों और चीनी में भी मंदी का रुख रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सात रिंगिट की बढ़त के साथ 4,449 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 प्रतिशत टूटकर 51.67 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 35 रुपये गिरकर 3,817.81 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी नौ रुपये से अधिक टूटकर 2,845.40 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,305.43 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन 49 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 45 रुपये और सोया तेल में 95 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल 74 रुपये और वनस्पति 129 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल भी 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। दाल. दलहनों में उतार–चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 30 रुपये टूट गया, जबकि मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल नरम हुई। मसूर दाल की कीमत में 27 रुपये और उड़द दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़ की औसत कीमत करीब 16 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चीनी भी तीन रुपये सस्ती हुई। दाल.दलहन : दाल चना 7947.81 रुपये, मसूर काली 8166.89 रुपये, मूंग दाल 10085.18 रुपये, उड़द दाल 10443.17 रुपये, अरहर दाल 10714.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2845.40 रुपये और चावल 3817.81 रुपये प्रति क्विंटल।

# पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा अमेरिकी टैरिफ का प्रतिकूल असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ भारतीय माल वहां तीस से पैंतीस प्रतिशत महंगा हो गया

**मुरादाबाद।** भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का असर पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा है।

स्थानीय कारोबारियों का दर्द है कि आयात शुल्क थोपे जाने के बाद करीब 60–70 फीसदी हिस्सा बढ़े हुए टैरिफ के दायरे में आ जाने से भारतीय माल वहां 30–35 प्रतिशत तक महंगा हो गया है, जिसके चलते अमेरिकी आर्डर निरस्त हो गए हैं। जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से भी पीतल नगरी के हालात सुधरने की उम्मीद कम है। मुरादाबाद निवासी न्यू क्राउन हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट फर्म प्रबंधन से जुड़े रहे डॉ. एम मुस्तकीम ने कहा कि मौजूदा चुनौतियों से निपटने में एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत सरकार को आगे आकर मदद करनी चाहिए। कोविड काल की तर्ज़ पर कार्य पूंजी सहायता, आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए।

निर्यात से जुड़े मामलों के जानकार डॉ. मुस्तकीम ने बताया कि अमेरिकी टैरिफ से पैदा हुए हालात में निर्यातकों को सरकार के सपोर्ट की दरकार है क्योंकि इससे अकेले निर्यातकों को परेशानी नहीं होगी, बल्कि आर्टिजंस के सामने रोजी–रोटी को खतरा पैदा हो गया है। मुरादाबाद की निर्यातक इंडस्ट्री लगभग 60 प्रतिष्ठात वर्क फोर्स को रोजगार भी देती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे मुरादाबाद हस्तशिल्प उद्योग की चिंताओं को सरकार समझना होगा। ऐसे में आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए, रोज़गार गारंटी, नकदी संबंधी चुनौतियों का समाधान, निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) पर विचार करने, सब्सिडी और ब्याज छूट, ई–कामर्स निर्यात कार्ड, निर्यात अनुपालन समर्थन, ब्रांडिग और पैकेजिंग सहायता, लाजिस्टिक्स और वेयर हाउस सहायता के माध्यम से बाजार तक पहुंच प्रदान करने, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने, कार्यष्ठील पूंजी पर दबाव कम होने तथा नए बाज़ार तक पहुंच बढ़ाने की दरकार है। डॉ. मुस्तकीम ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश आर्डर कैंसिल हो गए हैं। पीतल नगरी के नाम से विशवभर में प्रसिद्ध यूपी के मुरादाबाद की लगभग 165 वर्ष पुरानी इंडस्ट्री में 1960 में कारोबार ष्ठुरू हुआ था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा–UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।






# 90 लाख की धोखाधड़ी में भाजपा नेता को राहत नहीं

## कोर्ट ने अन्तरिम रिपोर्ट की निरस्त, कोतवाली पुलिस तीस दिन में जांच पूरी कर दे रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाजपा नेता महमूद हसन उर्फ बब्बू मंसूरी की मुश्किले कम होने का नाम नहीं ले रही। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश की गयी अन्तरिम रिपोर्ट न्यायालय ने निरस्त कर दी जबकि कोतवाली पुलिस को आदेश दिये हैं कि नए सिर से जांच कर तीस दिन में रिपोर्ट पेश की जायेगी।

शहर के मोहल्ला चाहमुल्लामान निवासी मुरसलीन अहमद ठेकदार हैं। वह सरकारी विभागों में भी ठेके लेते हैं। मोहल्ला कल्याणपुरा (आवास विकास कॉलोनी द्वितीय) निवासी महमूद हसन उर्फ बब्बू मंसूरी से उनकी अच्छी जान-पहचान थी। बब्बू मंसूरी भी पेशे से ठेकेदार होने के अलावा आल इंडिया जमीयतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं तथा भाजपा से भी जुड़े हुए हैं। सत्ता पक्ष के कई बड़े नेताओं से उनकी अच्छी पकड़ है। आरोप के मुताबिक बब्बू मंसूरी उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम कानपुर में भी पंजीकृत ठेकेदार हैं। 15 जनवरी 2018 को बब्बू मंसूरी का किसी काम से मुरसलीन अहमद के घर आना हुआ। उन्होंने मुरसलीन अहमद से कहा कि उन्हें चार जिलों के कलक्ट्रेट व तहसील कार्यालय में संविदा पर कर्मचारियों को रखने का काम मिल



रहा है। जिनके टेंडर डालने के लिए रुपयों की जरूरत है। 60-70 लाख रुपये अगर फर्म में लगा दो तो मैं 30 प्रतिशत मुनाफा दे दूंगा। मुरसलीन अहमद भाजपा नेता बब्बू मंसूरी की बातों में आ गए। इसके बाद उन्होंने 16 अप्रैल 2018 से 22 जनवरी 2021 तक 80 लाख रुपये बब्बू मंसूरी की चार फर्मों के खातों में ट्रांसफर कर दिए जबकि 10 लाख 50 हजार रुपये नकद दिए। कुछ दिन बाद बब्बू मंसूरी ने उन्हें कुल रकम में से सिर्फ सात लाख रुपये का मुनाफा दिया। इसके बाद न तो मूल रकम वापस की और न ही मुनाफा दिया। पीड़ित मुरसलीन अहमद ने जब अपने रुपये वापस मांगे तो बब्बू मंसूरी ने लौटने से इनकार कर दिया। 19 जुलाई 2023 को पीड़ित मुरसलीन अहमद ने उनके कार्यालय जाकर रुपये मांगे तो गाली-गलौज की ओर जान से मारने की धमकी दी। कहा कि सत्ता के विधायक और मंत्रियों से अच्छे संबंध है। किसी भी झूठे मुकदमे में फंसा सकता हूं। पीड़ित मुरसलीन अहमद ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा, पीड़ित को अदालत की शरण लेनी पड़ी। मामले में सीजेएम के आदेश पर 20 जून 2024 को महमूद हसन उर्फ बब्बू मंसूरी के खिलाफ शहर कोतवाली में धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानात और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था लेकिन विवेचक ने मुकदमे में एफआर (अंतरिम रिपोर्ट) अदालत में दाखिल कर दी। पीड़ित मुरसलीन अहमद ने एफआर के खिलाफ प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र दाखिल किया था।



हसनपुर। बाढ़ के पानी से गिरी पशुशाला की दीवार।

# 6 व सात को नगर में भारी वाहनों की नो ऐंट्री

## पीईटी परीक्षा को बनाया डायवर्ट प्लान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पीईटी परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्लान जारी कर दिया गया है। जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। दो दिन भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

बताते चले कि छह व सात सितम्बर को जिले में 14 केन्द्रों पर पीईटी परीक्षा का आयोजन कराया जाना है। कई दिन से प्रशासन इसकी तैयारी में लगा है। प्रशासन द्वारा रूट डायवर्ट का प्लान तैयार कर दिया गया है। अमरोहा से मुरादाबाद जाने वाले वाहन कैलसा बाईपास से पाकबड़ा होते हुए मुरादाबाद जायेंगे। नौगावां मार्ग से अमरोहा व मुरादाबाद के लिये याहियापुर बाईपास से गुजारा जायेगा। नौगावां से दिल्ली जाने वाले वाहनों को धनौरा बाईपास से अतरासी चौकी होते हुए हाईवे से गुजारा जायेगा। इसके अलावा अलग-अलग रूट के लिये प्लान बनाया गया है। ई-रिक्शा व आटो गांधी मूर्ति पर तरफ पूर्णतय प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षार्थियों के लिये पार्किंग की व्यवस्था की गई है। टीपी नगर पुल के नीचे दोनो और, कुंदन कालेज के वाहनों की पार्किंग स्कूल ग्राउंड में होगी। जीआईसी की रेलवे माल गोदाम, आईएम, जेएस हिन्दू डिग्री कालेज, जेएस हिन्दू इंटर कालेज के वाहनों की पार्किंग रामलीला ग्रांउड में होगी। बम्बूगढ़ से रीगल होटल तक भारी वाहनों, ट्रैक्टर ट्राली पर प्रतिबंध रहेगा।

# कैंटर की टक्कर से किशोर की मौत



सौरभ का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ट्रक की टक्कर से पकौड़ी विक्रेता के पुत्र की मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई में चंचल का

**■ कुमराला चौकी के पास हुआ हादसा**

परिवार रहता है। चंचल ने कुमराला पुलिस चौकी के पास पकौड़ी की दुकान खोल रखी है। गुरुवार सुबह भोर में करीब 4 बजे एक ट्रक गजरौला से धनौरा जाने के लिये मुड़ा, और इनकी पकौड़ी की दुकान तक जा पहुंचा। इस दौरान ट्रक की टक्कर से सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर ट्रक चालक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से चंचल के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के साथ साथ ग्रामीण भी दुखी हैं।

# वाहन की टक्कर से गई युवक की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गजरौला मंडी धनौरा रोड स्थित गांव सकरथली के पास बाइक सवार युवक का शव सड़क किनारे मिला और उसकी बाइक कुछ दूरी पर पड़ी मिली। आशंका है कि युवक की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से गई है। पुलिस ने युवक के परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया।

जानकारी के अनुसार नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव उमरी जानिबं निवासी प्रीतम सिंह का पुत्र अनिल कुमार बाइक लेकर आया था। आसपास के लोगों के अनुसार मंडी धनौरा रोड स्थित गांव सकरथली के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। शरीर पर चोटों के काफी निशान हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पशुशाला गिरने से छह मवेशी दबे, लाखों का नुकसान

## पीड़ित ने आर्थिक मदद मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव में गंगा बाढ़ आने तथा भारी बरसात के चलते भरभरा कर पीड़ित की पशुशाला गिर गई। जिसमें छह मवेशी दब गये। पांच लाख के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पीड़ित ने आर्थिक मदद की मांग की है।

गुरुवार को क्षेत्र के गांव सतैड़ा एहतमाली निवासी पीड़ित कमल सिंह पुत्र मिस्त्री सिंह ने बताया कि गंगा तटबंध किनारे उसकी दुकान तथा पशु शाला बनी हुई थी। जहां गंगा बाढ़ आने तथा भारी बरसात के कारण गहरा पानी भरने से बीती रात्रि करीब दो बजे एक दुकान तथा पशु शाला भर भरा कर गिर पड़ी। बाढ़ के गहरे पानी में मलबे के नीचे चार भैंस, एक भैंसा तथा एक बैल समेत छह पशु दब गये। सौलह घंटे के बाद भी राहत तथा बचाव कार्य करने के लिए कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंच सका है। वहीं पीड़ित ने अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा कि वह पूरी तरीके से बर्बाद हो गया। लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी कर्मचारी ने राहत तथा बचाव कार्य के लिए घटनास्थल का दौरा तक नहीं किया है। पीड़ित का कहना है कि संबंधित विभाग व अधिकारियों को सूचना दी गई थी। लेकिन सौलह घंटे बीतने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर पहुंचने को तैयार नहीं है। पीड़ित के अनुसार करीब पांच लाख रुपए के नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित ने शासन से राहत कार्य करने तथा आर्थिक मदद की मांग की है।

# आज कब्र से निकाला जाएगा गुफरान का शव

## एसडीएम व चिकित्सक की निगरानी में होगा पीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हैंडलूम कारोबारी गुफरान का शव शुक्रवार को कब्र से निकाला जाएगा। डीएम स्तर से अनुमति मिल दे दी गई है। मजिस्ट्रेट व चिकित्सक की निगरानी में प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं, नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को उन्होंने शहर कोतवाली पहुंच सीओ सिटी शक्ति सिंह से मुलाकात की। विवेचक पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कराने की मांग की।

शहर के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी हैंडलूम कारोबारी गुफरान ने बीती 24 अगस्त की शाम घर में ही



फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। दो दिन बाद सुसाइड नोट व वीडियो सामने आने पर बीते शुक्रवार को मृतक की भाभी समेत आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ गुफरान को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पिता अताउल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने मामले में फजल अहमद, सोनू कबाब वाला, अय्यूब बावर्ची, बब्लू, मोहसिन, तंजीम बेग, सना व सलीम को मामले में नामजद किया था। आत्महत्या वाले दिन फजल ने पुलिस की मदद से गुफरान को कोट चौकी बुलाया था। वहां उसकी बेइज्जती की गई थी। हड़काते हुए दरोगा के सामने ही गोली मारने की धमकी दी थी। इसके बाद कोट चौराहे पर एक दुकान में बंधक बनाकर भी गुफरान को प्रताड़ित किया गया था। आरोपियों से छूटकर घर पहुंचे गुफरान ने वीडियो बनाने के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया था। परिजन दरवाजा तोड़कर निजी अस्पताल भी ले गए थे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। परिजनों ने 25 अगस्त को बिना पोस्टमार्टम कराए शव को सुपुर्दे खाक कर दिया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएम कार्यालय से अनुमति मांगी थी जो करीब नौ दिन से लंबित चल रही थी। वहीं, गुरुवार को पुलिस ने मृतक की भाभी सना को कलियर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। अब गुरुवार को शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराए जाने की अनुमति डीएम कार्यालय से दे दी गई है। इसके लिए मजिस्ट्रेट (एसडीएम सदर) व चिकित्सक की निगरानी में कमेटी गठित की गई है।

# रेलवे लाइन पर पड़ा मिला वृद्ध का शव

## कलियर शरीफ जाने के लिए निकले थे घर से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कलियर शरीफ गए वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव अमरोहा में रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया।

पुलिस ट्रेन की चपेट में आकर मौत होने की आशंका जता रही है।

62 वर्षीय मृतक करीम हैदर नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बीलना निवासी थे। बिजनौर जिले के गांव फीना में उनकी लोहार की दुकान थी। परिवार में पत्नी खुशनूदी के अलावा दो बेटे व तीन बेटियां हैं। करीम हैदर चार दिन पूर्व कलियर शरीफ गए थे। गुरुवार सुबह में उनका शव अमरोहा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थोड़ी देर में ही परिजन मोर्चरी पहुंच गए तथा पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले गए।

शाम में मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि वृद्ध की मौत ट्रेन से गिरने के कारण हुई है।

# गुरु के ज्ञान को कर्म में उतारें छात्र



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** शिक्षक दिवस पर जीएमएस कालेज आफ फार्मेसी में छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरूआत चेयरमैन शाहनवाज अली ने की। इस दौरान छात्र छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटिका, कविताओं के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। चेयरमैन शाहनवाज अली ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माण करता है। उसके द्वारा दिया गया ज्ञान व संस्कार ही आने वाली पीढ़ियों को दिशा प्रदान करता है। डायरेक्टर मौहम्मद मुजाहिद ने कहा कि छात्र छात्राओं को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। एक सच्चा विद्यार्थी वही होता है जो अपने गुरू के ज्ञान को कर्म में उतारे तथा आगे चलकर उनका नाम रौशन करे। कार्यक्रम में डा. संतोष चौधरी, डा जफर वासी आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को भेंट किए स्मृति चिन्ह

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नोबल पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**■ नोबल स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस**

गया। विद्यालय परिवार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें गीत, नृत्य, कविता एवं भाषण



शामिल रहे। पूरे वातावरण में गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा और स्नेह का भाव परिलक्षित हुआ। विद्यालय की परंपरा के अनुसार वरिष्ठ छात्रों ने शिक्षक बनकर कनिष्ठ कक्षाओं को पढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज की आधारशिला होते हैं, जिनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। उन्होंने छात्रों को शिक्षकों के प्रति सम्मान भाव रखने और उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने शिक्षकों को स्मृति चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या तोशिमा शर्मा, निदेशक शुभम उपाध्याय सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण जय लक्ष्मी पांडे, सोनम, सपना सिंघल, शालिनी सिंह, विनीत कुमार, मोहन गुप्ता, सलोनी, यतेन्द्र सिंह राघव, सोविन्द्रा, कपिल कुमार, प्रियंका, रेखा सिंह, प्रियांशी, रीना, स्वाति, दीपा शर्मा आदि की उपस्थिति रही।



# नाबालिग से बलात्कार के दोषी को 25 साल की कैद

## न्यायालय ने 35 हजार रुपये का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** किसान की नाबालिग बेटी का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने युवक को 25 साल जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोषी जमानत पर था, अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया गया।

8 अप्रैल 2023 की शाम की वारदात मंडी धनौरा थानाक्षेत्र के गांव से जुड़ी थी। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है।

**जमानत पर था आरोपी, फैसला आने के बाद पुलिस ने भेजा जेल**

शाम पांच बजे उनकी नाबालिग बेटी अचानक घर से गायब हो गई थी। तलाश के बीच पता चला था कि गांव का रहने वाला उस्मान उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामले में उस्मान के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी उस्मान को गिरफ्तार कर लिया था। बयान में किशोरी ने उस्मान पर दुष्कर्म करने का आरोप भी लगाया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी थी। अदालत से रिमांड मंजूर होने के बाद उस्मान को जेल भेज दिया था। फिलहाल, उस्मान जमानत था। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी कर रहे थे। गुरुवार को अदालत में इस मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने उस्मान को दोषी माना। 25 साल जेल की सजा सुनाई तथा 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

## पुलिस ने निकाला पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** आगामी त्यौहार बारावफात के मद्देनजर कस्बे में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए गुरुवार को सीओ अंजलि कटारिया थाना पुलिस बल के साथ पैदल गस्त पर निकलीं। पैदल गस्त के दौरान सीओ ने मार्गों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों व राहगीरों से संवाद भी किया और त्यौहार पर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। सीओ अंजलि कटारिया ने कहा त्यौहार पर शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस सतर्क है और कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोग निडर होकर त्योहार मनाएँ, प्रशासन हर स्तर पर मुस्तैद है।

# खाने के पैसों को लेकर ढाबे पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** दिल्ली रोड नारंगपुर स्थित भोलेबाबा ढाबे पर खाना खाने के पैसे को लेकर विवाद मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित जसवंत सिंह निवासी नारंगपुर जोया थाना डिडौली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अगस्त को ढाबे पर पैसे देने के मुद्दे पर दीपक पुत्र चंद्रपाल ग्राम सुदनपुर थाना रजबपुर व उसके तीन अज्ञात साथियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित के अनुसार 23 अगस्त को जानकारी करने पर वारदात में शामिल मोटरसाइकिल और 112 नंबर पुलिस भी मौके पर पहुंची। उसी रात लगभग 10:30 बजे दीपक और तीन अज्ञात लोग फिर आ धमके और गंदी गालियां देते हुए फैसले का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट करने का प्रयास किया और मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने तत्काल जोया चौकी पुलिस को सूचना दी। पीड़ित जसवंत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने दीपक व तीन अज्ञात व्यक्तियों के रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## छेड़छाड़ के विरोध पर चाकू मार किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाकू मार कर घायल किये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी गई है। गुरुवार की शाम करीब 3:30 बजे एक विवाहिता के साथ युवक छेड़छाड़ कर रहे थे। विवाहिता के साथ छेड़छाड़ होता हुआ देखकर थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव नोरंग निवासी रामवीर पुत्र ओम प्रकाश ने युवकों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि आरोपी युवकों ने रामवीर के साथ मारपीट करते हुए उसके चेहरे पर धारदार हथियार मार दिया। जिससे खून की धारा बाहर को निकल आई। उसके बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गये। रामवीर ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिसकर्मी आरोपियों की तलाश में मौके पर पहुंच गये। लेकिन वह तब तक वहां से फरार हो चुके थे।

## मां-बेटे व बेटी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो सैदनगली।** मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर मां-बेटी व बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कस्बे के मौहल्ला सादात निवासी हिना फात्मा ने बताया कि वह 13 जुलाई को तहेरे ससुर जफर अब्बास के यहां मजलिस में गयी थी। इस दौरान अफीक सुल्तान उसके बेटे सलमान अब्बास व बेटी नवाज फात्मा ने नन्द समाना के साथ अभद्रता की थी। विरोध करने पर उन्हें पीटकर घायल कर दिया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिस पर कोर्ट का सहारा लिया गया। आज मां-बेटा व बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बीएसडी एकेडमी के दो बच्चों का चयन

## सैनिक स्कूल में अब तक 80 बच्चे चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शिक्षा की नई ऊँचाइयाँ छू रही बीएसडी एकेडमी ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। गुरुवार को इण्डिया सैनिक स्कूल की छठी परिणाम सूची जारी हुई, जिसमें अकादमी के दो होनहार छात्र आर्यन और रोबिन का चयन हुआ। इससे पहले जारी पाँच सूचियों में 78 छात्र चयनित हो चुके थे।

छठी सूची में चयनित दोनों छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला।



विद्यालय प्रबंधक नितिन धारीवाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा बीएसडी एकेडमी आज सिर्फ मंडी धनौरा ही नहीं बल्कि पूरे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। हमें गर्व है कि हमारे 80 बच्चों का चयन हुआ है। यह हमारी मेहनत, बच्चों की लगन और अभिभावकों के विश्वास का नतीजा है। आने वाले समय में हम और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करेंगे। विद्यालय की निर्देशिका सुशीला देवी ने कहा हमारा उद्देश्य सिर्फ बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास भरना है। यही कारण है कि बीएसडी एकेडमी का रिजल्ट पूरे भारतवर्ष में सर्वोत्तम माना जा रहा है। हम प्रत्येक बच्चे को सफलता की राह दिखाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## रोजगार सेवकों की समस्याओं का समाधान हो



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** प्रदेशभर के रोजगार सेवकों की आवाज बुलंद करते हुए मान्धाता सैनी ने लखनऊ में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय स्तर पर रोजगार सेवकों के साथ हो रहे कथित शोषण की शिकायत की और बेहतर कार्यदशा सुनिश्चित कराने की मांग रखी।मान्धाता सैनी ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना ग्रामीण विकास की रीढ़ है, लेकिन इस योजना में कार्यरत रोजगार सेवक लगातार कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। वहीं, उच्च अधिकारियों की ओर से अनावश्यक दबाव व उत्पीड़न से उनका मनोबल टूट रहा है।

## वरिष्ठ पत्रकार जावेद की वालिदा का इतंकाल



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** वरिष्ठ पत्रकार की वालिदा का इंतकाल हो गया। उनके जनाजे को सैकड़ो नम आंखों के बीच सुपुर्दे खाक कर दिया गया। नोएडा से प्रकाशित समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ जावेद आलम की वालिदा का आज सुबह इंतकाल हो गया। जिससे पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। सैकड़ो लोग उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। पूर्व मंत्री एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर भी यहां पहुंचे तथा उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार जावेद आलम से मिलकर उनकी मां की मौत पर दुख जताया। दोपहर ढाई बजे पत्रकार की वालिदा को उनके अवाई कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। ब्लाक प्रमुख जुल्फेकार अली, जिपं सदस्य पति हाजी सत्तार, मुनशाद अली, ग्राम प्रधान हाजी जीशान शामिल हुए।

# कंपनी की रकम लेकर भागे दो चालक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक प्राईवेट कंपनी के सुपरवाइजर ने कंपनी के कन्टेनर चलाने वाले दो चालकों पर कम्पनी को धोखा देकर 42689 रूपये की रकम लेकर भाग जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार यह मुकदमा अजय कुमार निवासी ग्राम नेकपुर मढ़ीनाथ थाना सुभाषनगर जिला बरेली द्वारा दर्ज कराया गया है। अजय कुमार वरूणा इन्टीग्रेटिड लाजिस्टिक प्राईवेट लिमिटेड बरेली कम्पनी श्यामगंज शाहजहांपुर में फील्ड एक्जूक्यूटिव पद पर कार्यरत है। मुकदमे के अनुसार इनकी कम्पनी के ट्रक कन्टेनर को श्रीकान्त पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम परसारूआ पोस्ट कोन्डा

**कम्पनी अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

थाना सहपऊ जिला हाथरस 16.08.2025 को गजरौला स्थित उमंग डेयरी कम्पनी से माल लादकर गुजरात जा रहा था। उसने कन्टेनर के दूसरे चालक सत्यपाल पुत्र सुन्नू सिंह निवासी चगीपुर लोधीपुर मिलकर जनपद बिजनौर के साथ मिलकर कम्पनी को धोखा देते हुए कम्पनी के 42689 रूपये हड़प लिए और कन्टेनर को रिलायंस पंप पर छोड़कर फरार हो गए। कम्पनी ने इनसे कई बार सम्पर्क किया मगर इन्होंने रकम वापस नहीं लौटाई। जिसके बाद तहरीर दी गई। पुलिस ने श्रीकांत व सत्यपाल के विरूद्ध धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जो अपने लिए पसंद हो वही दूसरों के लिए पसंद करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अदबी संस्था कारवाने खुलूस के संयोजन में शहर के मोहल्ला बड़ा दरबार स्थित प्रोफेसर नाशिर नकवी के आवास पर ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर जिक्र-ए-रसूल शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शुरुआत में पंडित भुवन शर्मा, प्रोफेसर नाशिर नकवी, इस्लाम आलमी ने नातियां कलाम पेश किया, अध्यक्षता कर रहे सैय्यद महबूब हुसैन जैदी ने कहा कि हजरत मुहम्मद साहब ( स.अ.) की जिंदगी से हमे दया, जरूरतमंदों की मदद और समाज से अच्छा व्यवहार करने की सीख मिलती हैं, उनकी सादगीपूर्ण जिंदगी और दूसरों के प्रति दयालुता, उनके अनुयायियों के लिए एक आदर्श और प्रेरणा का स्रोत है। कहा कि हुजूर पाक ने हमे सिखाया है कि समाज का सबसे उत्तम इंसान वही है जिसमें अच्छा अखलाक (नैतिक गुण) हों और जो अपने घर वालों और समाज के साथ अच्छा व्यवहार करे। उन्होंने हमें बताया कि हमें समाज के लिए वही पसंद करना चाहिए जो हम अपने लिए पसंद करते हैं, और हमे वही नापसंद करना चाहिए जो हम अपने लिए नापसंद करते हैं। इस दौरान वकारुल हसनैन खान, नवाब मुराद अली खान, इस्तेजाब हुसैन जैदी, हकीम हामिद अली, सैय्यद रजा तहसीन, खलील मुज्तबा, हसनैन नवाज नकव्वी, मोहम्मद अली, अफजाल अहमद, महताब जैदी, अरमान हुसैन, शफात हुसैन, अलमदार हुसैन मौजूद रहे।

## इच्छाओं पर संयम करना ही मानव की पहचान



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग का पर्व बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शास्त्री दीपक जैन ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए त्याग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ख्र त्याग का वास्तविक अर्थ है अपनी इच्छाओं पर संयम करना। यह न केवल पुण्य में वृद्धि करता है बल्कि पापकर्मों का क्षय भी करता है। उन्होंने बताया कि जैन संत त्याग के सर्वोत्तम उदाहरण हैं, जो घर-परिवार ही नहीं बल्कि वस्त्र तक का त्याग कर दिगंबर मुद्रा में जीवन व्यतीत करते हैं। सांसारिक जीवन में व्यक्ति की पहचान अक्सर धन-दौलत से होती है, परंतु जैन दर्शन के अनुसार मनुष्य का वास्तविक मूल्य उसके द्वारा किए गए त्याग से आंका जाता है।

## सपा प्रदेश महासचिव की पत्नी का देहांत



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव बृहमसिंह पवार की 55 वर्षीय पत्नी महेन्द्री देवी का ब्रेन हैमरेज होने से निधन हो गया। जानकारी के अनुसार डिडौली थाना क्षेत्र के जगा नगला गांव निवासी महेन्द्री देवी अपने मायके रुखालू गांव में रुकी हुई थीं।आज दोपहर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और ब्रेन की नस फटने से वे बेहोश हो गईं। आनन-फानन में परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के पास ले गएद्य जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस घटना से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं।

# अमल में इस्लाम का किरदार लेकर आओ

## मदरसा जामिया नूरिया में ईद मिलादुन्नबी पर जलसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जामिया नूरिया अशरफुल उलूम की जानिब से जश्न ऐ ईद मिलादुन्नबी के मोके पर 12 रोजा प्रोग्राम 10 वा जलसा का जामिया नूरिया अशरफुल उलूम मे मुनाक्कीद किया गया जिसकी सादरत जामिया मोहतमीम मुफ्ती तय्यब अली कादरी साहब ने की।

मुफ्ती इशतियाकुल कादरी ने बयान मे कहाँ के अपने वालिदेन की खूब खिदमत करो भाई बहनो से मोहब्बत किया करो वक्त पर पाबंदी से नमाज अदा किया करो गैर ईमान वाला इस्लाम को नहीं बल्कि मुस्लमान के अमल को देखता है इसलिए अपने अमल मे इस्लाम का किरदार लेकर आओ अल्लाह और नबी से मोहब्बत का तुम्हारा दावा जभी सच है । निजामत मौलाना अकरम ने की। इस मोके पर मौलाना मुजफ्फर, मौलाना शेमुन, कारी फुरकान रजा, सय्यद सऊद साहब, इरफान मंसूरी, जहीर मंसूरी, यासिर अंसारी, अतहर अंसारी, तहसीन ठेकेदार, रिजवान मंसूरी, अब्दुल रहीम खान, हकीम दिलनावाज खान, बॉबी तुर्क, डॉक्टर शाने आलम तुर्क, सलीम घोसी, आलम घोसी, फिरोज कुरैशी, आरिफ मंसूरी, आसिफ मंसूरी आदि जामिया कमेटी के लोग मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लायनेस क्लब धनोरा परिवर्तन ने प्राइमरी नंबर दो स्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों के सम्मान से हुई। क्लब की ओर से अध्यापक कपिल सरोहा, श्वेता ठाकुर, सुमित्रा शर्मा और पूनम रानी को शील्ड, प्रमाणपत्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष कल्पना शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अध्यापक हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सुधा शर्मा, सिम्मी अग्रवाल, कंचन दत्त, सीमा यादव, रेनू अग्रवाल और बीना अग्रवाल सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## श्याम बाबा के भजनों पर झूमे भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बुधवार रात नगर के श्री नवदुर्गा शिव मंदिर, टीचर कॉलोनी में खाटू श्याम मित्र मंडल की ओर से भाद्रपद मास की परिवर्तनी एकादशी पर भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्याम बाबा की 304वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलन से हुई। दीपक शर्मा, अर्पित कौशिक, मीनू शर्मा, देव शर्मा, शौर्य मित्तल और आशु पंडित ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु नाचने-झूमने लगे। द्वादशी पर श्याम सरकार को खीर, चूरमे, केले, पेड़े, बिस्कुट और हलवे का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। चांदपुर और मुरादाबाद से भी श्रद्धालु पहुंचे और श्याम बाबा से मन्नतें मांगीं। मंदिर परिसर जयकारों और भक्ति रस से देर रात तक गूंजता रहा।

# कोर्ट मैरिज के बाद पति बना जान का दुश्मन

## पुलिस से लगायी मद्द की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोर्ट मैरिज करने वाले पति ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस को पति के खिलाफ तहरीर दी गई है।

नगर के मोहल्ला रहरा सम्भल बाईपास मार्ग सैनी कालोनी निवासी रमेश सैनी ने मुरादाबाद निवासी पिंकी से 7 वर्ष पहले पत्नी की मौत होने के बाद कोर्ट मैरिज की थी। बताया जाता है कि पिंकी के पास भी दो बच्चे थे और रमेश के भी कई बच्चे हैं। पिंकी ने बताया कि जब बच्चे छोटे-छोटे थे तब पति उसे प्यार के साथ रखता था। अब जब बच्चे बड़े हो गये हैं तो उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। पिंकी का कहना है कि पति मारपीट कर उसे घर से निकालने के बाद किवाड़ को बंद कर लेता है। जब भी वह आती है उसे घर में घुसने नहीं दिया जाता है। इस मामले को लेकर कई बार पंचायत भी हुई है। लेकिन पति हिटलर शाही रवेया अपनाये हुए हैं। उसे घर में रखने के लिए तैयार नहीं है। पिंकी ने बताया कि पति द्वारा उसे तरह-तरह की धमकियां दी जा रही हैं। पिंकी ने पुलिस से न्याय करने की गुहार लगाते हुए पति के खिलाफ तहरीर दी है।

# सर्पदंश से किसान की मौत

**थाना क्षेत्र के सिहाली गौसाई में हुई घटना**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव एक किसान को सांप ने काट लिया, परिजनों ने उनका सरकारी अस्पताल में उपचार दिलाया, यहां से उन्हें जिला अस्पताल अमरोहा ले गए। वहां पर भी उपचार किया गया, मगर उनकी जान नहीं बच सकी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिहाली गौसाई निवासी भूकन सिंह सैनी(60) बीती रात अपने खेत पर सब्जी के खेत की रखवाली करने गए थे। कोठरी में सोते समय उन्हें कान पर एक सांप ने काट लिया, फिर उनके हाथ पर काटा। सांप के काटने के बाद वे अपने घर पहुंचे और परिवार के सदस्यों को बताया। परिवार के लोग उन्हें नगर स्थित सीएचसी लेकर आए, यहां पर डॉक्टर ने उन्हें उपचार दिया, मगर उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां पर भी उन्हें उपचार दिया गया, मगर किसान की जान नहीं बच सकी। वहीं घटना से परिवार के लोगों का रो रोकर हाल बेहाल है।

## अति व्यस्तम चौपले पर सार्वजनिक शौचालय न होने से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ चौपला पर कोई भी सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण जरूरी कामकाज और घरेलू सामान की खरीदारी करने आने वालों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## ब्लॉक प्रमुख ने बांटी शिक्षण सामग्री




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय कलाली में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र की बाल वाटिका के बच्चों को पाठ्य सामग्री (स्टेशनरी) वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरों पर नई किताबें व कॉपियां पाकर खुशियां छलक उठीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि बाल वाटिकाओं की शुरुआत बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बड़ा कदम है। प्राथमिक शिक्षा से पहले बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान देना उनकी पढ़ाई की मजबूत नींव तैयार करेगा। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद, प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरेश देवी, विद्यालय व आंगनबाड़ी स्टाफ मौजूद रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र तहसीन अहमद वह उसकी पत्नी फूल जहां से संबंध विच्छेद कर लिए है। अपनी चल अचल संपत्ति से भी इन्हें बेदखल कर दिया है।

नसीम अहमद पुत्र बशीर अहमद निवासी मोहल्ला कोट पूर्वी हाल निवासी मोहल्ला कुरेशियान हाथे के पास कस्बा हसनपुर जिला अमरोह

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने व मेरी पत्नी अफरोज जहाँ ने अपने पुत्र कोकब से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। अपनी चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया है।

मुशाहिद हुसैन पुत्र कल्लन निवासी मोहल्ला लालबाग कस्बा हसनपुर जिला अमरोहा

## शिक्षक दिवस पर अध्यापक सम्मानित

**अमरोहा।** इनर व्हील क्लब सरगम की तरफ से शिक्षक दिवस के मौके पर अध्यापकों को सम्मानित किया गया। जोया रोड स्थित लिटिल विंग्स केयर स्कूल में इनर व्हील क्लब का कार्यक्रम हुआ। जिसमें शिक्षक दिवस पर अध्यापकों को सर्टिफिकेट, प्रतीक चिन्ह व शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को खिलौना भी बांटे गये। इस मौके पर अध्यक्ष शिल्पा गेरा, अंकिता कालरा, शालिनी कपूर, कंचन टंडन, प्रीति मालीवाल, प्रीति लोचन, अलका मदान, मनीष टंडन आदि मौजूद रहे।

## हाशमी की छात्राओं ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा हाशमी डिग्री कालेज में पौधारोपण किया गया। इस दौरान छात्राओं ने करीब 300 पौधे लगाये। हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डा0 सिराज उद्दीन हाशमी ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने को हमे पुरी जिम्मेदारी से प्रयास करान चाहिए उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी केवल एक पौधा लगाकर खत्म नहीं होती बल्कि हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाना चाहिए क्योंकि यही पौधा एक दिन वृक्ष बनेगा। पर्यावरण प्रदूषण होने से वातावरण में ढेरों बीमारियां पैदा हो रही हैं और इनका सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। इससे बचने के लिए हमें अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करना चाहिए।

## किसान नेता से 35 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** साइबर जालसाजों ने भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के जिला अध्यक्ष के साथ 35 हजार की ठगी कर ली है। पुलिस को ठगों के खिलाफ ऑनलाइन सूचना दे दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के जिला अध्यक्ष शकील खान के मोबाइल पर एक लिंक 1 सितंबर को आया था। किसान नेता ने जब लिंग को ओपन किया तो उनसे ओटीपी मांगी गई। 10 10 सेकंड के अंतराल के बाद कई मैसेज ओटीपी मांगने के लिए आ गये तो किसान नेता को शक हो गया। उन्होंने मेसेज को बंद कर दिया। तुरंत बाद उनके खाते से 35 हजार काटे जाने का मैसेज आया तो उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई।

# झोलाछाप डाक्टरों पर कार्रवाई की बजाए स्वास्थ्य विभाग की फजीहत

स्वास्थ्य विभाग के अफसर करवा रहे हैं हत्याएं झोलाछाप डॉक्टर लगातार उजाड़ रहे हैं परिवार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सीएमओ कार्यालय परिसर के आस पास कथित तौर पर बताया गया है झोलाछाप डॉक्टरों की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत होती है तो टीम मौके पर छापेमारी करती है। उसके बाद सीएमओ कार्यालय से नोटिस जारी कर झोलाछाप,अवैध नर्सिंग होम संचालकों को बुलाया जाता है। सूत्रों ने बताया है कार्यालय के संपर्क में आते ही झोलाछाप को कार्रवाई की धमकी देकर बचाव के रास्ते बताए जाते हैं। इसके लिए उनसे रकम वसूली कर मामला रफादफा कर दिया जाता है झोलाछाप,अवैध नर्सिंग होम कार्रवाई कम स्वास्थ्य विभाग की फजीहत ज्यादा हो रही है। कथित तौर पर बताया गया है। शिकायत पर सीएमओ की टीम के नोडल डॉ पवन जायसी, बाबू जाकर नर्सिंग होम को सील कर देते है तो फिर वहीं मोहन झा, बाबू नितिन यादव झोलाछाप के क्लीनिकों, और अवैध अस्पतालों पर छापेमारी के लिए खुद जाकर सील खोलकर मोटी रकम वसूल लेते है, इस दौरान कार्रवाई कम झोलाछाप नोडल , बाबू की फजीहत ज्यादा हो रही है। शिकायत पर कुछ समय पूर्व पहले झोलाछाप टीम ने कुंवरगांव स्थित एक अवैध हॉस्पिटल को नोटिस जारी कर गुरु नानक हॉस्पिटल पर पहुंची जहां बिना कार्रवाई करके बैरंग लौट आई लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की।इस मामले में अपर निदेशक स्वास्थ्य बरेली मंडल बरेली ने संज्ञान लिया है।

# कथा के दौरान सुनाई गई माखन चोर की लीलाएं



**राजीव सक्सेना ,शाह टइम्स**

**उघैती।** छिबऊ कलां में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में गुरुवार को कथा में स्वामी हंसानन्द गिरी जी महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक माखन चोर लीला का वर्णन किया। बाल्यावस्था में नंदलाल कैसे गोपियों के घरों में जाकर माखन चुराते थे और अपनी मधुर मुस्कान से सबका हृदय जीत लेते थे, इसका श्रवण कर श्रोतागण भाव-विह्वल हो उठे।स्वामी हंसानन्द गिरी जी महाराज ने बताया कि गोपियों ने ऊँचाई पर मटकी टाँगकर लाला को रोकने का प्रयास किया, परंतु श्रीकृष्ण अपने सखाओं संग मिलकर माखन निकाल लेते और कभी स्वयं खाते, तो कभी बंदरों को खिला देते। जब माता यशोदा ने उन्हें पकड़ लिया और मुख खोलने को कहा, तब नंदलाल ने अपने छोटे से मुख में समस्त ब्रह्माण्ड का दर्शन करा दिया। ने समझाया कि माखन भक्तों के शुद्ध हृदय का प्रतीक है और भगवान अपने प्रेमी भक्तों के निर्मल भाव को ही चुराते हैं। कथा स्थल पर "कन्हैया लाल की जय" के गगनभेदी नारों से वातावरण गूँज उठा।

# तेज रफ्तार निजी बस अनियंत्रित होकर खंती में पलटी

एक बुजुर्ग महिला की मौत,12 यात्री घायल, जिला अस्पताल में भर्ती





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिले के दातागंज कोतवाली क्षेत्र में डहरपुर गांव के पास बुधवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरी खंती में पलट गई। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हुए हैं।

मृतका की पहचान अभी नहीं हो सकी है। एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।जहां गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निजी बस दातागंज से बदायूं की ओर जा रही थी। डहरपुर गांव के पास बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खंती में पलट गई। खंती में पानी भरा होने से यात्री फंस गए। चीख-पुकार मचने पर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। राहगीर भी रुक गए। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को बस से बाहर निकला, तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह कुछ ही देर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और बचाव कार्य तेज किया गया। घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। जहां एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मृतका की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज का शिक्षा की उन्नति व अनुशासन में है विशेष स्थान





कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा का कहना हैं कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र- छात्राओं में संस्कार, अनुशासन व देश प्रेम की भावना व गुणवत्ता शिक्षा देने के लिए पूरी तरह तत्पर हूं।



अमित पाठक -प्रबन्धक



राबिया हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जनपद में पंचम स्थान



विद्यालय के प्रबन्धक अमित पाठक का कहना है कि हमारा लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की उन्नति करना ही लक्ष्य हैं विद्यालय में शासन से छात्रावास की स्थापना को प्रयासरत हूँ।

**राजीव सक्सेना ,शाह टाइम्स**

**नरैनी।** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया का शिक्षा के क्षेत्र में एक विशेष स्थान है यह विद्यालय छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।यह विद्यालय न केवल ज्ञान प्रदान करता है,बल्कि छात्रों को सामाजिक,मान. सिक,और नैतिक रूप से भी विक. सित करता है। साथ ही,यह विद्यालय छात्रों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है।वर्ष 1965 में इस विद्यालय की स्थापना एक जूनियर हाईस्कूल के रूप में हुई जो आज इंटर मीडिएट तक की मान्यता प्राप्त संस्था हैं। इस विद्यालय की स्थापना स्व.प्रेम नारायण शर्मा,चौधरी लाखन सिंह,श्याम पाल पाठक जी के द्वारा ग्राम वासियों के सहयोग द्वारा की गई।जहाँ एक ओर सरकार छात्रों की संख्या में कमी को देखते हुए स्कूलों को मर्ज कर रही है।वही माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से एक प्रधानाचार्य व मात्र तीन ही अध्यापक नियुक्त है ।इस विद्यालय तेरह सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी जा रही।इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर राजबहादुर सिंह गृह विभाग में प्रमुख सचिव,चौधरी कुलदेव सिंह एडीएम प्रशासन में प्रशासनिक सेवा तो अरविंद पुरी जैसे छात्रों ने एमबीबीएस की परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया।प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया इस वर्ष कुमारी राविया ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 93. 6प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पांचवा स्थान प्राप्त किया था। वर्ष 2024 में नुकुल भारती ने 94.5अंक प्राप्त किये थे।

वर्तमान में विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की यूनिट मंजूर है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं में देश प्रेम व समाज सेवा की भावना पैदा की जा रही हैं। पिछले चार वर्ष से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पात्रता छात्रवृत्ति में इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं का चयन हो रहा हैं।जिन्हें इंटरमीडिएट तक की शिक्षा के लिए शासन से पचास हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त होती हैं।

# त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने नगर में किया पैदल मार्च



**आई एम खान ,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** त्योहारों के मद्देनजर पुलिस एवं प्रशासन ने गुरुवार को नगर में पैदल गश्त करते हुए आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया। व्यापारियों से बात की और संदिग्धों को रोक कर तलाशी ली गई। एसडीएम राशि कृष्णा ने त्योहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। सीओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि प्राजक्ता फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर संसार सिंह, चौकी इंचार्ज अमित चौहान, हाईवे चौकी इंचार्ज विदेश शर्मा, हिट कांस्टेबल मो. याकूब आदि उपस्थित रहे।

# बड़े बकायेदारों की भूमि कुर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र के गांव एत्मादपुर में नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव , रानेट की स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक रिचिन कुमार ने दो बड़े बकायेदारों की भूमि कुर्क करने के लिए बैनर व लाल झंडी लगाकर विधिक कार्यवाही की है । इस दौरान बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव एत्मादपुर के सत्यपाल सिंह पुत्र भूपाल सिंह व दूसरे बड़े बकाएदार हरपाल सिंह पुत्र होरी लाल आदि बड़े बकायेदारों की भूमि कुर्क की गई । इस दौरान राजस्व टीम के साथ अमीन अनिल कुमार , फकीर मोहम्मद , कुंवर पाल , अनुसेवक महेंद्र पाल शर्मा , भगवान दास , कृषि अधिकारी शुभम व रिकवरी एजेंट मुनेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे । राजस्व विभाग द्वारा बड़े बकायेदारों की भूमि कुर्क करने की विधिक कार्यवाही होने की क्षेत्र में व्यापक चर्चा है । यह जानकारी बिसौली नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव ने दी ।

# बदायूं में नेत्रदान पखवाड़ा का हुआ आयोजन

प्रधानाचार्य डा. अरुण कुमार ने कहा: नेत्रदान से दो लोगों को मिल सकती है जीवनभर की रोशनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सितम्बर 2025 राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ में प्रधानाचार्य प्रो. (डा.) अरुण कुमार के दिशा-निर्देशन में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितम्बर 2025) के अंतर्गत इस वर्ष भी विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा रहा है। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डा. अमृता बाजपेयी ने बताया कि एमबीबीएस 2021 एवं 2022 बैच के छात्रों द्वारा 3 सितम्बर को रैली एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। "आँखों से रोशनी तक" और "नजरों को तोहफा" शीर्षक से हुए इन नाटकों में नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. अरुण कुमार ने कहा ख्र "नेत्रदान महादान है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को जीवनभर की रोशनी मिल सकती है। भ्रांतियों को दूर कर समाज को इस पवित्र कार्य में आगे आना चाहिए। मेडिकल कालेज ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से आगे भी जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध है।" नुक्कड़ नाटक से प्रेरित होकर ग्राम खड़ुआ निवासी जयप्रकाश गुप्ता ने नेत्रदान की शपथ ली। साथ ही पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग एवं सेल्फी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य डा. नेहा सिंह, डा. राज. `श शाक्य, डा. अपूर्वा, डा. जतिन, डा. आशीष, डा. निकिता, सबा एवं अंशुत, विभागाध्यक्ष फार्माकोलॉजी डा. रश्मि सिंह, विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी डा. सुचेता यादव, डा. नितेश पति तिवारी, संकाय सदस्य, नर्सिंग स्टाफ, छात्र एवं बड़ी संख्या में मरीज उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कोर्ट फीस हेतु ई-स्टाम्प के प्रयोग को बढ़ावा देने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला स्टाम्प अधिकारी डॉ0 वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त स्टाम्प, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र के अन्तर्गत स्टाम्प उ0प्र0 विधान सभा की प्राक्कलन समिति की बैठक 24 मार्च 2025 में मा0 समिति द्वारा कोर्ट फीस को ई-स्टाम्प के माध्यम से अपने अपने जनपदों में अवस्थित सभी न्यायालयों की बार एसोसिएशन एवं अन्य माध्यमों से कोर्ट फीस ई-स्टाम्पों का प्रयोग बढाने हेतु समुचित प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि इसके अनुपालन में जनपद की समस्त बार एसोसिएशन , समस्त उपजिलाधिकारियों, समस्त तहसीलदारां व समस्त उप निबन्धकों से अपेक्षा की गई है कि वह अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत कोर्ट फीस ई-स्टापों के प्रयोग को बढावा देने हेतु ई-स्टाम्प बैण्डरों एवं दस्तावेज लेखकों के माध्यम से अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित कराएं।

### 08 सितम्बर को जनपद में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 06 व 07 सितम्बर 2025 को जनपद में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा(पीईटी)-2025 का आयोजन होगा। इसको दृष्टिगत रखते हुए 08 सितम्बर को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रात: 10:00 बजे से तहसील दातागंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन /सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी |
| 9411010546 | | |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर |
| 9458213331 | | |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती |

| | | |
|---|---|---|
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है भटपुरा का शमशान घाट स्थल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जनपद बदायूं की बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव भटपुरा में 3000 की आबादी वाले गांव में मात्र एक ही शमशान भूमि स्थल जहां पर हिन्दू समाज के सभी लोग मृतकों के अंतिम संस्कार करते हैं वही शमशान भूमि स्थल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है अंतिम संस्कार को पहुंचने वाले लोगों के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसको लेकर समस्त ग्राम वासियों में रोष व्याप्त है वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और आए दिन ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पडता है शमशान स्थल पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है अभी बीते दिन हुई झमाझम बारिश में पानी भर जाने के कारण शमशान घाट तक पहुंचाने के लिए पानी से होकर गुजरना पडा सभी ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से समस्या के निस्तारण की मांग ।

# हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से करंट लगने से झुलसकर किशोर की हुई मौत



परिजनों ने शव रखकर सड़क पर लगाया जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के पड़ौआ गांव में 13 वर्षीय शिवम पुत्र सम्राट अपने खेत पर गया था। कि खेत पर जमीन पर गिरी हाई टेंशन बिजली की तार की चपेट में शिवम आ गया और करंट लगने से झुलस कर शिवम की मौत हो गई। शिवम की मौत से परिजनों में को. हराम मच गया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों का कहना है कि तीन दिन से हाईटेंशन बिजली का तार खेत पर जमीन पर पड़ा हुआ है। जिसकी वह विद्युत उपकेंद्र और विद्युत कर्मचारी से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन किसी ने भी बिजली के तार को ठीक नहीं किया। कि आज गुरुवार को यह हादसा हो गया। गुस्साएं परिजनों ने बदायूं उसावा मार्ग पर शव रखकर सड़क पर जाम लगा दिया। वहीं सूचना मिलते ही कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। फिलहाल परिजन विघुत विभाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

# ग्राम विकास अधिकारी कपिल गौतम निलम्बित

**आई एम खान ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** विक्रमपुर चरसौरा निवासी हरि शंकर शर्मा पुत्र श्री राम स्वरूप शर्मा द्वारा की गई शिकायत पर की गई जाँच में आरोप सही पाए गए। इसके आधार पर जिला विकास अधिकारी, बदायूँ के आदेश संख्या-1129 दिनांक 30.08.2025 के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी, विकास खण्ड आसफपुर कपिल गौतम को निलम्बित कर अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गई है। जाँच में पाया गया कि गौतम ने ग्राम पंचायत संग्रामपुर में दो सीसी रोड निर्माण कार्यों का डबल भुगतान कर शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाई। इसके अतिरिक्त उन्होंने शासकीय कार्यों में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं बरतीं तथा भ्रष्टाचार और ग्रामीणों से अनुचित व्यवहार के आरोप भी सिद्ध हुए।

# एसडीम राशि कृष्ण ने बिसौली सीएचसी का किया आकस्मिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार सुबह बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उस वक्त हडकंप मच गया जब अचानक से बिसौली एसडीएम साहिबा आकस्मिक निरीक्षण को जा धमकी तभी स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों मैं हड़कंप मच गया सभी लोग समय से पहले अपनी अपनी ड्यूटी पर पहुंच गए हम आपको बता दें कि बुधवार सुबह बिसौली उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा ने अपने असिस्टेंट के साथ बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर पंकज शर्मा से दवाओं के बारे में जानकारी एवं दवाओं के भंडार के बारे में भी जानकारी जुटाई तथा बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में भी जानकारी दी गई तथा उनके बेहतर उपचार के लिए भी निर्देश दिए गए अस्पताल परिसर में एसडीएम ने साफ सफाई के कडे निर्देश दिए एसडीएम राशि कृष्ण ने कहा बरसात के मौसम में किसान लोग अपने-अपने खेतों में काम कर रहे हैं जिसमें सांप कीड़ों को निकालने के ज्यादा आशंका बनी रहती है कभी-कभी हमारे किसान लोगों को सांप डस लेता है तो उसके लिए अस्पताल में एंटीवीनम नामक रेबीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहनी चाहिए जिससे हमारी तहसील बिसौली क्षेत्र में किसी को जनहानि नहीं होनी चाहिए ना ही किसी मरीज को कोई परेशानी का सामना करना पड़े आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा प्रभारी डॉ पंकज शर्मा, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ धीरेंद्र नाथ मिश्रा एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग स्टाफ मौजूद रहा ।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांव जामुनी का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को तहसील सहसवान के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गाँव जामुनी मोहन नगला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति तथा प्रभावित ग्रामीणों की आवश्यकताओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गाँव में किसी भी परिवार को भोजन, पानी, स्वास्थ्य सुविधा अथवा अन्य आवश्यक सामग्री की कमी न हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री समय से उपलब्ध कराई जाए तथा बाढ़ से घिरे हुए क्षेत्रों में नावों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने, मेडिकल टीमों को गाँव-गाँव भेजने एवं साफ पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता में अग्रसर रहें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन शीघ्रता से करने तथा प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता एवं आवासीय सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने प्रभावित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और भरोसा दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी विभाग मिलजुलकर कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# बरेली जंक्शन जीआरपी थाने में पिस्टल से चली गोली

- दो घायल, इंस्पेक्टर और तीन सिपाही निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली जंक्शन पर जीआरपी थाने में स्कॉट ड्यूटी देने के दौरान पिस्टल से गोली चल जाने से इंस्पेक्टर और एक सिपाही घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना दो दिन पुरानी बताई गई है। इस मामले में इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

जीआरपी थाने से पद्मावत एक्सप्रेस में दो पुलिसकर्मियों की स्कॉट ड्यूटी लगी थी। बताया जा रहा है कि ड्यूटी वितरण के दौरान पिस्टल से गोली चल जाने से इंस्पेक्टर के कान से छूती हुई और एक सिपाही के नाक को छूकर गोली निकल गई। इससे दोनों घायल हो गए। गोली चलने से थाने में खलबली मच गई। दो दिन तक मामला दबाए रखा गया। जब घटना अधिकारियों के संज्ञान में आई तब कार्रवाई शुरू हुई। घटना को गंभीरता से लेते इंस्पेक्टर जीआरपी परवेज खान समेत स्कॉट ड्यूटी वितरित करने वाला सिपाही और जिन दो सिपाहियों की स्कॉट ड्यूटी लगी थी, चारों को एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने निलंबित कर दिया है। एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि स्कॉट पर जाते समय सिपाही को पिस्टल दी जा रही थी। इसी बीच लापरवाही से गोली चलने में इंस्पेक्टर घायल हो गए। जांच में दोषी पाए जाने पर इंस्पेक्टर जीआरपी परवेज अली खान, सिपाही मनोज कुमार, मोनू कुमार और छोटू कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

# जीरो टालरेंस नीति के तहत डीएम ने पांच अपराधियों को किया जिला बदर

- शस्त्र धारक की मृत्यु हो जाने के कारण शस्त्र निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई उपशमित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिला मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह द्वारा प्रदेश सरकार की अपराध के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति के तहत उ०प्र० गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के अंतर्गत पांच पुराने गुण्डा एक्ट के प्रकरणों में अभियुक्तों को छः माह के लिये जिला बदर किया गया।



जिला बदर होने वाले अपराधियों में शामिल सरकार बनाम आशिफ पुत्र अब्दुल कादिर (आशिफ उर्फ लंगड़ा), थाना बहेड़ी, बरेली, विभिन्न धाराओं के 24 मुकदमें हैं। सरकार बनाम तस्लीम उर्फ कलुआ पुत्र साबिर, थाना बहेड़ी, बरेली, विभिन्न धाराओं के 19 मुकदमें हैं। सरकार बनाम विशाल यादव पुत्र इन्द्रपाल, थाना इज्जतनगर, बरेली, विभिन्न धाराओं के 07 मुकदमें हैं। सरकार बनाम विकास पुत्र इन्द्रपाल, थाना इज्जतनगर, बरेली, विभिन्न धाराओं के 04 मुकदमें हैं। सरकार बनाम नाजिम पुत्र निसार अली, थाना इज्जतनगर, बरेली, विभिन्न धाराओं के 03 मुकदमें हैं।

उक्त के अतिरिक्त भारतीय शस्त्र अधिनियम, 1959 धारा-17(3) के अन्तर्गत रति राम पुत्र राम लाल निवासी बिहारीपुर उर्फ शेखूपुर थाना भमोरा जिला बरेली की मृत्यु हो जाने के फल स्वरूप शस्त्र निरस्तीकरण की कार्यवाही आज दिनांक 4 सितंबर को उपशमित की गयी है।

## एक नजर

### घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर घर में घुसकर गालियां देने व छेड़छाड़ का आरोप लगाकर कप्तान से शिकायत की है। एस एस पी के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की है।

पीड़ित महिला ने बताया कि वह घर में अकेली थी। तभी अकेला देख कर गांव का ही युधिष्ठिर घर में घुसकर गंदी - गंदी गालियां देने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त व्यक्ति महिला के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा। शोर मचाने पर महिला के पति के आने पर आरोपित ने मारपीट की व महिला के पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

### नवाबगंज में आज निकलेगा जुलूसे मोहम्मदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर निकाले जाने वाला जुलूस ए मोहम्मदी आज शुक्रवार को जोश ओ खरोश के साथ निकाला जाएगा।

मुस्लिम धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में निकलने वाला जुलूस ए मोहम्मदी शुक्रवार को सुबह 8 बजे कस्बे की जामा मस्जिद से शुरू होगा, जो अपने निर्धारित रास्तों से होता हुआ बाईपास मार्ग पहुंचेगा, जहां से जुलूस वापस जामा मस्जिद पर जाकर समाप्त होगा। कस्बे में निकलने वाले इस विशाल जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन द्वारा कस्बे की गलियों में बड़े पैमाने पर सजावट की गई है, इसके साथ ही लोगों ने अपने मकानों, दुकानों के साथ मस्जिदों में जहां बड़े पैमाने पर सजावट की गई है, जुलूस को लेकर स्थानीय प्रशासन खासा सतर्क नजर आ रहा है।

### बार अध्यक्ष ने तहसील के दो रजिस्ट्रार कानूनगो पर लगाए सुविधा शुल्क वसूलने के आरोप, प्रमुख सचिव से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ने तहसील के दो रजिस्ट्रार कानूनगो पर सुविधा शुल्क वसूलने का आरोप लगाते हुए प्रदेश के प्रमुख सचिव राजस्व के साथ ही राजस्व परिषद के अध्यक्ष को शिकायती पत्र भेजकर उनके कार्यों की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

बार के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र में तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो नरेश रस्तोगी और संजीव कुमार शर्मा पर सुविधा शुल्क वसूले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी शिकायत में दोनों रजिस्ट्रार कानूनगो पर भूमि मुक्ति प्रमाण पत्र पर 500 रुपए धारा 38(6) की गलती व लोप सुधार की पत्रावली पर 1000 रुपए के साथ ही दाखिल खारिज की अविवादित पत्रावली पर 1000 रूपये वसूले जाने का आरोप लगाया है।

रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा की जा रही इस अवैध वसूली की संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को भी शिकायत की, लेकिन उसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। सुधार नहीं होने पर गुरुवार को संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव राजस्व के साथ ही राजस्व परिषद के अध्यक्ष, मण्डल आयुक्त, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी के साथ ही तहसीलदार को शिकायती पत्र भेजकर दोनों रजिस्ट्रार कानूनगो के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### दबंग ने घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक महिला को घर में अकेला सोता देख एक दबंग उसके घर में घुस आया, और उससे छेड़छाड़ कर उसके कपड़े फाड़ दिए। महिला ने इसका विरोध किया तो उसने उससे मारपीट कर उसके सीने में दांत से काट लिया। चीख पुकार की आवाज पर महिला के सास-ससुर आए तो वह उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट महिला की ओर से दबंग के खिलाफ थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

कस्बे में रहने वाली एक महिला का पति मंगलवार को किच्छा गया हुआ था, रात में उसके बच्चे पड़ोस में ही स्थित दूसरे मकान में सास ससुर के पास सो रहे थे। वह अपने घर में अकेली सो रही थी। उसे घर में अकेला देख मोहल्ले का ही जगवीर उसके घर में घुस आया, और उससे छेड़छाड़ करने लगा। जिसका उसने विरोध किया तो उसने उससे मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ डाले। इतना ही नहीं उसने उसके सीने में दांत से काट लिया। महिला के शोर मचाने पर उसके सास ससुर उधर आए तो वह उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट महिला की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है। इस मामले में बीती रात देर तक समझौते की कोशिश की जाती रही लेकिन समझौता नहीं हो पाया।

दूसरी ओर थाना क्योलड़िया के एक गांव की एक किशोरी के साथ गांव के दबंग ने छेड़छाड़ कर डाली। किशोरी की मां ने दबंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के गांव की एक किशोरी शौच से वापस अपने घर आ रही थी कि गांव के दबंग संतोष ने उसका हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। आरोप है कि दबंग पहले भी किशोरी के साथ अश्लील हरकतें कर चुका है। घटना की नामजद रिपोर्ट किशोरी की मां की ओर से थाना क्योलड़िया में दर्ज कराई गई है।

### एक दर्जन बकाएदारों पर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कनेक्शन काटने के बाद भी कर रहे थे बिजली चोरी**

**शीशगढ़।** बिजली विभाग की छापेमारी में आज दर्जन भर उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज की बकाया बिल जमा न करने पर इनके कनेक्शन काट दिए गए थे, लेकिन बकाया जमा किए बिना ही लाइन जोड़कर बिजली चोरी कर रहे थे।

अवर अभियंता संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने आज गुरुवार को ग्राम रतनपुरा एवं शीशगढ़ कस्बे में छापेमारी शुरू की। इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया एक दर्जन ऐसे उपभोक्ता पकड़े गए जिनके बकाया बिल जमा न करने पर कनेक्शन काट दिए गए थे, लेकिन उसके बाद भी इन लोगों ने बकाया बिल जमा नहीं किए और अपनी लाइन जोड़कर बिजली जला रहे थे। ऐसे लोगों पर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है इसके अलावा बकाया बिजली बिल जमा न करने पर दर्जन भर बकाएदारों के कनेक्शन भी काटे गए है।

### जुलूसे मोहम्मदी शुक्रवार को 10 बजे निकाला जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कस्वे में जुलूसे मोहम्मदी शुक्रवार को सुवह 10 बजे से निकाला जाएगा। मुफ्ती मौलाना तौफीक अहमद नईमी ने बताया कि जुलूसे मोहम्मदी विलासपुर अड्डा से शुरू होकर बरेली अड्डा स्थित पैट्रोल पम्प से वापस होकर फिर विलासपुर अड्डा पर जाकर समाप्त हो जाएगा। जुलूस में कस्वे की लगभग 30 अंजुमने भाग लेंगी। जुलूस की पूरी तैयारियां हो चुकी हैं। उधर थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि जुलूसे मोहम्मदी को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को पुलिस पूरी तरह एलर्ट है।खुरापातियो को किसी भी कीमत बख्शा नही जाएगा।उधर ईद मिलादुलनवी के सुभ अवसर पर मस्जिदों को विजली की रोशनी से खूब सजाया गया है। जिन्हें देखने को दर्शकों की भीड़ जुट रही है।

# जल भराव से निजात को पालिका अध्यक्ष से की मांग

**डॉक्टर की लापरवाही के चलते किशोरी की मौत वाले प्रकरण में डॉक्टर पर केस दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे में मंगलवार को नई बस्ती वार्ड 11 निवासी दिनेश राठौर की बहन विनीता उम्र 17 वर्ष का इलाज सही समय पर न मिलने के कारण दुखद निधन हो गया।

प्रारंभ में विनीता को मोहल्ले के डॉक्टर तसरीम के पास ले जाया गया जहां कुछ दवा और इंजेक्शन दिए गए लेकिन राहत नहीं मिली। इसके बाद डॉक्टर सौरभ गंगवार के पास ले जाने पर उन्होंने इलाज करने से मना कर दिया। स्थिति गंभीर होने पर परिवार ने राजश्री अस्पताल ले जायागया लेकिन वहाँ भी इलाज करने से इनकार किया गया। अंततः मिनी बाईपास मुकुंद अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने विनीता को मृत घोषित कर दिया।

परिजन ने मृतका को घर लाकर अंतिम संस्कार किया और डॉक्टर तसरीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज की करवाई के लिए तहरीर दी जिनकी लापरवाही से विनीता की जान गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन डॉक्टर फरार है। परिजनों ने सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संचित शर्मा से शिकायत की है और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# वतन की मोहब्बत ईमान का हिस्सा है: मुख्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** मौलाना मुख्तार अहमद बहेड़बी ने कहा है कि वतन से मोहब्बत ईमान का हिस्सा है। जिस मुल्क में रहो उसके वफादार बनकर रहो, अगर आप ऐसा नहीं करते तो आप ईमानदार नहीं हैं।



मौलाना मुख्तार यहां सलमानी चौक पर आयोजित एक जलसे में बोल रहे थे। ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में आयोजित एक अजीमुश्शान जलसे को खिताब करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया को आप अपने किरदार से प्रभावित करें सच बोलें, अमानतदार बनें, इंसाफ करें और इंसाफ करते वक्त अपने पराए अमीर गरीब का भेद न करें, ताकि आपके किरदार की खुशबू चारों सिम्त फैले, और गैर मजहब के लोग आप से मुतस्सिर होकर कहें ऐसे होते हैं मुसलमान। मौलाना ने सीरत ए नबी पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह नबी का अखलाक ही था, जिससे प्रभावित होकर काफिरों ने कलमा पढ़ा और मुसलमान हो गए।

आखिर में उन्होंने ईद मिलादुन्नबी पर भी रोशनी डाली, और कहा कि नबी की पैदाइश पर अल्लाह ने जिब्राईल अलैहिस्सलाम को तीन झंडे दिए, और हुक्म दिया कि एक झंडा मगरिब और एक मशरीक और तीसरा झंडा खाना ए काबा पर लगाने का हुक्म दिया। जब अल्लाह आका की पैदाइश पर झंडे लगवाए तो हम क्यों न लगाएं।

फैजाबाद से तशरीफ लाए शायर अहमदुल फतह ने अपने कलाम से महफिल को लूट लिया। इसके अलावा मकामी आलिम खुर्शीद आलम मिस्बाही ने भी जलसे को खिताब किया।

निजाममत हाफिज इरशाद अजहरी ने की। इंतजाम अंजुमन आशिकाने रसूल के मेंबरान हाफिज नूरी, हाफिज इशरत, हाफिज अरशद, हाफिज फैजान, मौलाना निहाल, हाफिज फैजुल हसन, हाफिज आदिल रजा, इकरार सलमानी, रिजवान सलमानी, नदीम अल्वी आदि ने संभाला, जलसा सुबह तक चला।

# कस्बे के रेड रोजेज स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के रेड रोजेज स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। चूंकि बुधवार ईदमिलदुलनबी की छुट्टी है इसलिए इस अवसर को आज ही मनाने का निर्णय लिया गया।



इस मौके पर छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए रंगा. रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों गीत और नृत्य के माध्यम से शिक्षकों को सराहना दी गई। केक काटकर टीचरर्स डे मनाया गया। प्रधानाचार्य प्रियंका सक्सेना ने सभी शिक्षकों और स्टाफ को उपहार भेंट किए और उनका हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर प्रबंधक अजय सक्सेना ने भी सभी को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम की सफलता पर खुशी व्यक्त की। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने का दिन ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों को प्रेरित करने और शिक्षा के महत्व को समझाने का भी अवसर है।

इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक और छात्रगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए और उन्होंने इसे एक यादगार दिन बनाया।

# स्वामी सोमनाथ आईटीआई का छात्र कपिल बना तहसील टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** स्वामी सोमनाथ प्राइवेट आईटीआई के छात्र कपिल ने फिटर ट्रेड में आईटीआई में 94 फीसदी अंक पाकर तहसील टॉप करके नया इतिहास रच दिया है। इस बड़ी उपलब्धि के लिए कॉलेज प्रबंधक ने होनहार छात्र को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




कपिल ग्राम बड़ौरी पोस्ट सिया ठहरी तसील बहेड़ी का रहने वाला है। पिता कृषि कार्य करते है कपिल ने ग्राम शहपुरा स्थित स्वामी सोमनाथ आईटीआई में फिटर ट्रेड में एडमिशन लिया और उसने सभी को अपनी काबिलियत का लोहा मनवा दिया। कपिल ने 600 अंक में से 565 अंक कुल 94.12 फीसदी अंक पाकर सबको चौंका दिया। पूरी तहसील को टॉप करने वाले इस होनहार छात्र से अन्य सभी छात्रों को सीख लेना चाहिए।

स्वामी सोमनाथ आईटीआई से फिटर ट्रेड में तहसील टॉपर बने कपिल को कॉलेज में सम्मानित किया जाएगा। प्रबंधक कमेटी ने होनहार छात्र को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। हमारा मानना है कि होनहार छात्रों का सम्मान करने से उनका उत्साह वर्धन बढ़ता है और वह लम्हा उसके जीवन की एक यादगार भी बन जाता है और अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

**डाक्टर धर्म सिंह**
**प्रबंधक**
**स्वामी सोमनाथ प्राइवेट आईटीआई शहपुरा मानपुर बहेड़ी**

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से दुखी लाखों शिक्षक नहीं मनाएंगे शिक्षक दिवस

- प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष ने किया ऐलान
- देश भर में दस लाख सरकारी स्कूलों के शिक्षक हो रहे हैं प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने ऐलान किया है कि अबकी बार लाखों शिक्षक शिक्षक दिवस नहीं मनाएंगे। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मांग की है कि शिक्षक हितों में न्याय करने की घोषणा की जाए।

एक सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षा जगत को हिला देने वाला फैसला सुनाया है, जिससे प्रदेश ही नहीं देश में दस लाख सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की सेवाओं पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं, और यह भारत सरकार के एक आदेश को आधार बता रहा फैसला है। वर्ष 2017 में हुए संशोधन का पता अब सुप्रीम कोर्ट आदेश में चला है।

वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा है कि शिक्षक साथी धीरज रखें उनके हितों के मद्देनजर प्रदेश संघ हाई कमान गंभीर है, विधिक परामर्श हो रहा है, हर उचित निर्णय लिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का असर देश व्यापी है, सभी दुखित हृदय में हैं।

# अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक बांग्लादेशी नागरिक को अवैध रूप से भारत में रह रहे युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम राजू उर्फ राज मंडल उम्र 30 वर्ष पुत्र सतेन्द्र मंडल मूल निवासी सुंदर महाल बारारिया बतिया गाटा खुला ढाका बांग्लादेश है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि राजू वर्ष 2017 में वीजा बनवाकर भारत आया था। वीजा समाप्त होने के बाद वह वापस नहीं लौटा और फर्जी पहचान पत्र आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड बनवाकर वर्ष 2018 से अवैध रूप से देश में रह रहा था। वर्ष 2021 से वह ग्राम बल्लिया थाना फतेहगंज पश्चिमी में रह रहा था और वहां एक डाक्टरी की दुकान चला रहा था। उसके पास से आधार कार्ड नं. 5451 8971 0196वोटर आईडी नं. TCE3167038पैन कार्ड नं. GKEPM3570 आईडियां पुलिस ने बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा419/ 420/467/ 468/471 भादवि, धारा 14। व 14B विदेशी अधिनियम 1946 व धारा 35 आधार अधिनियम 2016 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, एसएसआई अशोक कुमार पटेल, एसआई पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल नैपाल सिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# नीट में सफलता हासिल करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के प्रमुख विद्यालय जीजस एंड मेरी इंटर कॉलेज के तीन छात्रों ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। गुरुवार को विद्यालय में तीनों छात्रों का सम्मान किया गया।

कस्बे के रहने वाले अभिषेक गुप्ता, सेंथल के फैज अंसारी के साथ ही क्षेत्र के गांव मुझैना जागीर के रहने वाले किसान के पुत्र महेन्द्र पाल ने इंटर तक की परीक्षा जीजस एंड मेरी इंटर कॉलेज से ही पास की थी, और नीट की तैयारी में जुट गए। इसी वर्ष आए परीक्षा परिणाम में तीनों छात्रों ने सफलता हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



गुरुवार को तीनों ही छात्रों को विद्यालय के प्रबंधक आनंद सैमसन, शिक्षक सुनील कुमार मिश्रा आदि ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एमसीए ग्रुप के एमडी आनंद सैमसन ने तीनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# बच्चियों को पढ़ाई की मुख्य धारा से जोड़ रहे शिक्षक विनोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** विनोद कुमार वर्मा कंपोजिट विद्यालय अभयपुर, विकास क्षेत्र दमखोदा बरेली के इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, इन्होंने अपने समस्त स्टाफ साथियों और अभिभावकों के सहयोग से उनसे नित्य वार्ता कर गांव के 6 से 14 वयवर्ग के सभी बच्चों को विशेष कर दिव्यांग बच्चों को और लड़कियों को पढ़ाई की मुख्य धारा से जोड़ा। विद्यालय में स्मार्ट कक्षा, लर्निंग बीई डूइंग लैव, इको क्लब, सभी के द्वारा बच्चों को यह हौसला दिया कि वह किसी से पीछे नहीं हैं।



पिछले वर्षों में यहाँ से एक बच्चा इंस्पायर अवार्ड और दो बच्चे आय आधारित छात्रवृत्ति में चयनित हुए, इस वर्ष एलबीडी लैब के द्वारा बने प्रोडक्टों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष बरेली कार्यक्रम में दोनों बार विद्यालय के बच्चों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जून 2025 माह में अपर आयुक्त मैडम प्रीति जैसवाल द्वारा विद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया गया, जिसमें मैडम द्वारा विद्यालय की प्रशंसा की गई। इस सबका श्रेय विनोद कुमार वर्मा अपने समस्त स्टाफ और अभिभावकों को देते हैं।

# समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 अभियान के प्रति लाई जाएगी जन जागरुकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने गुरुवार को समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 अभियान के सफलता संचालन हेतु सम्बंधित अधिकारियों के साथ कैम्प कार्यालय में बैठक, विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि 08 व 09 सितम्बर को समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 अभियान की जन-जागरूकता हेतु विभिन्न लक्षित समूहों (छात्र, शिक्षक, व्यवसायी, उद्यमी, कृषक, स्वयं सेवी संगठन, श्रमिक संगठन, मीडिया, आम जनमानस इत्यादि) के साथ विगत 08 वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये राज्य के विकास हेतु रोडमैप पर चर्चा हेतु जनपद स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यशाला में वर्ष-2047 तक विकसित राज्य बनाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट में तीन मिशन, तीन थीम से सभी को अवगत कराना है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा



पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों अर्जुनपुर से गोबलपतिपुरा तक दौरा किया गया।

उन्होंने बताया कि चंपावत और उधम सिंह नगर में हुई मूसलाधार बारिश का सीधा असर जनपद पर पड़ा है। उन्होंने अर्जुनपुर सहित कई गांव बाढ़ से जूझ रहे है। जिलाधिकारी ने बताया कि डैम से पानी छोडना कम कर दिया है शीघ्र ही जलभराव की समस्या समाप्त हो जायेगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ट्रैक्टर ट्राली पर बैठकर बाढ क्षेत्रों को देखा और लोगों का हाल जाना। उन्होंने बताया कि लोगों की हर संभव सहायता की जायेगी, उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोऐ जिसके लिए कम्युनिटी किचन संचालित है लोगों को भोजन के पैकेट/खाद्यान्न सामग्री वितरित कराई जा रही है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीमें लगाई गई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अस्थाई गौशाला जिरौनियाँ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सदर तहसील में संचालित कम्युनिटी किचन का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को गुणवत्तापूर्ण भोजन व राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खाद्यान्न किट को देखा व जानकारी ली।

## मथुरा वृंदावन के निचले इलाकों में बनी बाढ़ की स्थिति

**मथुरा।** यमुना नदी का जलस्तर बढ़ जाने से मथुरा वृंदावन के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित बाढ़ राहत केंद्रों शेल्टर होम्स में ठहराया गया है। नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा मोदी भवन एवं गुरुकुल विद्यालय, वृंदावन में स्थापित बाढ़ राहत केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने शिविरों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं जैसे भोजन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता आदि का गहन जायजा लिया। बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के साथ साथ नगर निगम मथुरा–वृंदावन द्वारा भी व्यापक तैयारियाँ की गई है। राहत केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, भोजन, शौचालय, प्रकाश एवं जनरेटर की समुचित व्यवस्था की गई है। नियमित रूप से एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, सफाई एवं चूना छिड़काव कराया जा रहा है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष टीमों को शिफ्ट वाइज ड्यूटी में तैनात किया गया है। नगर आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि शिविरों में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखें। समय–समय पर शौचालयों की सफाई सुनिश्चित की जाए। एंटी लार्वा एवं फॉगिंग का छिड़काव नियमित रूप से जारी रहे। कर्मचारी शिफ्ट वाइज ड्यूटी में तैनात रहे। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक, उप जिलाधिकारी राजकुमार चौधरी मौजूद रहे।

## बंदरों का झुंड देख छत से गिरी महिला, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरिया।** कस्बे के मोहल्ला हाजीपुरा में बंदरों के हमले की दुखद वारदात सामने आई है अकील अहमद की पत्नी जायदा बेगम गुरुवार सुबह छत पर चाय–नाश्ता कर रही थीं, तभी अचानक बंदरों का झुंड छत पर पहुंच गया। बंदरों के हमले से घबराई महिला नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार वालों ने घायल महिला को तुरंत सीएचसी पहुँचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे ने परिवार में कोहराम मचा दिया। जायदा के चार बच्चे हैं, दो पुत्र और दो पुत्रियां, जिनमें लड़कियों की शादी हो चुकी है। परिवार स्वजन इस अप्रत्याशित घटना से गहरे सदमे में हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि वन विभाग और प्रशासन को तत्काल प्रभाव से बंदरों की समस्या का समाधान करना होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## चोरी का माल बेचने निकले पांच शातिर चोर गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरिया।** थाना अमरिया पुलिस ने पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चोरी, असलहा और कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना अमरिया पुलिस ने अभियुक्त मासूम अली, राशिद खां, शादाब अली, पन्नू उर्फ विकास और मजीद को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के कब्जे से मोबाइल फोन, नकद राशि 40,650, एक तमंचा 315 बोर समेत एक जिन्दा कारतूस और एक देसी तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। ये लोग चोरी का माल सस्ते दामों पर खरीदकर रूद्रपुर ले जा रहे थे। गाड़ी का ई–चालन जांचने पर पता चला कि वाहन का स्वामी मोहम्मद शहनवाज है। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे बिजली के तार चोरी कर चुके हैं और बाजपुर, उत्तराखंड से चोरी किए तार लेकर आए थे। इस मामले में पूर्व में वादी शीतल प्रसाद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने शस्त्र अधि. नियम के तहत मामला दर्ज कर कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना अमरिया की यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अहम साबित होगी।

## आतिशबाजी चलाने को दो पक्षों में विवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** नगर के ह्रदय स्थल घंटाघर पर गर्ल्स कालेज के सामने एक ही समुदाय के दो पक्षों में आतिश बाजी चलाने को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है की दोनो पक्षो के विवाद में लाठी, डंडे चले और ईंटे फीकी पथराव से क्षेत्र में अफरातफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घटना स्थल से दो लोगों को हिरासत में ले चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार की सांय करीब 8 बजे मीनुददीन एव इसमुददीन के बच्चें इकराम, सलीम, नत्थी, दिलषाद, आजाद, आतिषबाजी चला रहे थे। आतिषबाजी चलाते समय अचानक दोनों पक्षों के बच्चों में गाली गलौज होने लगा। गाली गलौज सुनकर दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग लाठी, डंडे लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए और दोनों में गाली गलौज के साथ साथ लाठी, डंडे चले और जमकर पथराव हुआ। पथराव में एक युवक घायल हो गया। पथराव से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे शहर चौकी प्रभारी दुष्यंत कौशिक ने घायल को स्थानीय हास्पीटल में भर्ती करा घटना स्थल से दोनों पक्षों के दो युवकों को हिरासत में ले थाना ले आए। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम दिलशाद, आजाद, बताए। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। बताया जा रहा है कि मामले में किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## रेल संचालन को लेकर जितिन प्रसाद से मिले रेल संचालन संघर्ष समिति के सदस्य

**पूरनपुर।** रेल संचालन की समस्या निराकरण हेतु बनी रेल संचालन संघर्ष समिति ने रेल सेवाओं की बहाली की मांग लेकर रेल भवन पहुँचकर अपनी मांगे दर्ज कराई।

## बाढ़ में फंसी गर्भवती का डीएम ने कराया रेस्क्यू, प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

**पीलीभीत।** बीसलपुर तहसील के बढ़ेपुरा गाँव में बाढ़ के पानी में घिरे एक परिवार को तब राहत मिली, जब डीएम की सक्रियता से एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया।

जानकारी के अनुसार, गाँव के निवासी हर प्रसाद की पत्नी गर्भवती थीं और बाढ़ के कारण अपने परिवार के साथ घर में फँसी हुई थीं। चारों ओर लगभग चार फीट तक पानी भरा हुआ था, जिससे घर से बाहर निकलना नामुमकिन हो गया था। गाँव की इस समस्या की सूचना जब जिलाधिकारी पीलीभीत को मिली तो उन्होंने तत्काल एसडीएम नागेंद्र पांडेय बीसलपुर को जानकारी दी एसडीएम ने राजस्व और चिकित्सा टीम के साथ एंबुलेंस की व्यवस्था की और मौके पर पहुँचे। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से गर्भवती महिला को पानी से निकालकर सड़क तक लाया गया।

इसके बाद एसडीएम खुद एंबुलेंस के साथ महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। स्वास्थ्य केंद्र में महिला का सुरक्षित प्रसव हुआ और परिवार को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं। खुशखबरी सुनते ही परिवार के चेहरों पर खुशी झलक उठी। उन्होंने इस कठिन परिस्थिति में मदद करने के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।

## व्यापारी नेता ने पीएम का जताया आभार



ihyhHkhrA उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल, नगर महामंत्री अलाउददीन अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि केन्द्र सरकार के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीता. रमण द्वारा जीएसटी के स्लैब एवं दरें कम करने से आम जनता को भारी राहत मिलेगी और उद्यमियों और व्यापारियों को अपना व्यापार करने में आसानी होगी। इस हेतु प्रदेश के ढाई करोड़ व्यापारियों की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूँ। ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल ने कहा कि परिवर्तित जीएसटी की दरें 22 सितम्बर नवरात्रि के दिन से देश में लागू हो जायेगी। जीएसटी के स्लैब और दरों में राहत देने से लगभग 250 से अधिक वस्तुएं सस्ती होंगी। इन दो स्लैब के अलावा वित्तमंत्री ने एक तीसरा स्लैब भी रखा है जिसमें फास्ड फूड, पान मसाला, सिगरेट, गुटका, तम्बाकू उत्पाद, कैफीन युक्त पेय पदार्थ, फलों के रस, गैर एल्कोहालिक पेय आदि वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दरें रखी गयी है। जिन वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दरें रखी गयी वे आम जनमानस के उपभोग में नहीं आती है। इस बदलाव से आम लोगों की जिंदगी आसान और सरल होगी। इस बदलाव से आम आदमी, किसान, मजदूर, कारोबारी, मध्य वर्ग, महिलाओं और युवाओं को भारी लाभ होगा। विशेष रूप से छोटे व्यापारी और व्यवसायियों के लिए व्यापार करने में आसानी होगी। नगर महामंत्री अलाउददीन अंसारी ने कहा कि जीएसटी की दरों में भारी बदलाव के कारण अर्थव्यवस्था में तेजी आयेगी। देश की जीडीपी में बढ़ोत्तरी के साथ अर्थव्यवस्था में परिवर्तन होगा। इन सुधारों में जो सबसे बड़ी राहत दी गयी है वो यह है कि अब 2500 हजार रुपये के कपड़े, जूते और चमड़ा उत्पाद पर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि पूर्व में 12 प्रतिशत और 18 प्रतिशत था। इस प्रकार खानपान की सैकड़ों वस्तु पर जीएसटी केवल 5 प्रतिशत लगेगी। व्यापार मंडलों द्वारा जीएसटी की विभिन्न धाराओं में सुधार के लिए समय–समय पर विभिन्न सुझाव भी सरकार को दिये गये थे। सरकार ने उन बहुत से सुधारों को मानने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। इन सुधारों से देश के 7 करोड़ व्यापारियों को अपना कारोबार करने में आसानी होगी।

### हर्ष व्यक्त कर किया सम्मान

**कोसीकलां।** मानव अधिकार मिषन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने नगर के आर्यनगर निवासी नंदकिषोर शर्मा को पुनः संस्था का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर संजय जैन, सरमन जैन, षिवषंकर अग्रवाल, मुकेष बाबू, नेपाल सिंह, सुनील अग्रवाल, डा. सुनील कुमार, भगत शर्मा, रनवीर सिंह, कु. जीवन ज्योति, कमल सिह, चुन्नीलाल फौजदार, गौरव भार्गव आदि दर्जनों लोगों ने उनका जोशीला स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संस्कृति दीक्षारंभ 2025 में दिग्गजों ने छात्रों को दिखाई सही राह

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में चल रहे दीक्षारंभ 2025 में नवीन सत्र के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सेना के पूर्व अधिकारी, बालीवुड अभिनेता और मोटीवेशनल स्पीकर मेजर डा. मोहम्मद अली शाह ने राधे–राधे के उच्चारण के साथ कहा कि वक्त की कीमत आपको समझनी होगी। क्षण भर में लिया गया निर्णय आपकी पूरी जिंदगी बनाने और बिगाड़ने की क्षमता रखता है। हमें वक्त का सम्मान करना सीखना होगा।

विश्वविद्यालय के संतोष मैमोरियल सभागार में मेजर शाह ने अपने फौजी जीवन के किस्से सुनाते हुए बताया कि मैं परेड करते वक्त कई बार फेल हुआ लेकिन एक दिन ऐसा भी आया जब मैंने अपनी कमांड का कैप्टन बनकर कर्तव्य पथ पर नेतृत्व किया और देश विदेश के मेहमानों के सामने मार्चपास्ट किया। आपको कभी हार नहीं माननी है। जोशीले अंदाज में कवि सोहनलाल द्विवेदी की कविता, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, सुनाकर विद्यार्थियों में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि महत्व इस बात का नहीं कि आप कहां से आए हैं, महत्व इस बात का है कि आप कहां तक जाते हैं। उनका कहना था कि विश्वविद्यालय में सभी जगह से विद्यार्थी आते हैं, लेकिन नाम उन्हीं का होता है जो अपनी प्रतिभा से ऊपर उठते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वे पहले भी संस्कृति विवि आ चुके हैं, यहां आकर अलग सी अनुभूति होती है जो मन में सकारात्मकता पैदा करती है। समाजिक कार्यकर्ता, यूथ फार नेशन संगठन के अध्यक्ष बिरंदम गुनाकर ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व और इसकी सार्थकता पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आज जमीन, वायुमंडल और जल सभी प्रदूषित हो गया है। सारा विश्व स्वीकार रहा है कि हमसे कुछ गल्तियां हुई हैं। 1972 में स्टाक होम में पर्यावरण को लेकर चिंता व्यक्त की गई और पांच जून 1973 से पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत की गई। 1760 में हुई औद्योगिक क्रांति के बाद दुनियाभर में पेड़ काटे गए। दो विश्व युद्ध हुए और पर्यावरण लगातार खराब हुआ। गुनाकर ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से पर्यावरण को महत्व दिया जाता रहा है, लेकिन अत्याधिक कीटनाशकों और कैमिकल से तैयार खादों के कारण हमारी जमीन तेजी से अपनी उर्वरा क्षमता खोती जा रही है। अक्षय पात्र से आईं सुलोचना देवी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के दबाव से मुक्ति के लिए बहुत व्यवहारिक तरीके बताए। उन्होंने कहा कि जहां आपका विश्वविद्यालय है वह स्थान साधारण स्थान नहीं है। ये भगवान कृष्ण की ब्रज भूमि है।

## ब्रज हेरिटेज फेस्ट 43 विद्यालयों ने भाग लिया




**मथुरा।** वृंदावन चंद्रोदय मंदिर की सांस्कृतिक शाखा वी.सी.एम. संस्कृति द्वारा अगस्त 2025 में आयोजित ब्रज हेरिटेज फेस्ट ब्रज क्षेत्र का सबसे भव्य सांस्कृतिक उत्सव सिद्ध हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि ब्रज में आयोजित इस अंतर–विद्यालयी उत्सव में प्री नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह उत्सव भारत की जीवंत संस्कृति और परंपराओं का उत्सव था, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें श्रीकृष्ण लीलाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी, शास्त्रीय नृत्य, वैदिक मंत्रोच्चारण, मिट्टी की कलाकृतियां, पौराणिक वेशभूषा, वैदिक कथावाचन, रंग भरना, चित्रकला प्रमुख रहे। इस वर्ष ट्रेजर हंट प्रतियोगिता को भी सम्मिलित किया गया, जो विद्यार्थियों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय रही। ब्रज हेरिटेज फेस्ट में कुल 43 विद्यालयों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की संख्या 8,162 तक पहुँची। गत दिन उत्कृष्ट पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोपाल अग्रवाल, श्रीमती गीतांजलि तथा मंदिर के अध्यक्ष श्री चंचलापति दास सहित कई गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विज. ताओं को आकर्षक पुरस्कार स्वरूप साइकिल, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच, स्टडी टेबल और बैकपैक प्रदान किए गए। वहीं नन्हे मुन्ने प्रतिभागी स्लाइडिंग स्कूटर, टिफिन बॉक्स, पेंसिल बॉक्स और कलरिंग बैग पाकर प्रसन्न हो उठे।

### विप्रों ने मनाया वामन भगवान का प्राक्टडोत्सव

**कोसीकलां।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में भगवान श्री विष्णु के पांचवें अवतार भगवान वामन का प्राक्ट्योत्सव बृहस्पतिवार को मनाया गया। वेद मंत्रोच्चारण के साथ वामन भगवान का अभिषेक एवं पूजन किया। ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीश शर्मा सुपानिया ने कहा कि वामन अवतार भगवान विष्णु के पांचवे अवतार हैं। इनकी समस्त कलाओं का वर्णन अथर्ववेद यजुर्वेद में निहित है। ये निर्गुण, निराकार एवं अनादि हैं। वामन अवतार भाद्रपद शुक्ला द्वादशी को श्रवण नक्षत्र में प्रकट हुए। भगवान विष्णु ने दैत्यों के अत्याचार से प्राणियों को मुक्ति दिलाने के लिए वामन अवतार के रूप में अवतरित हुए। कार्यक्रम में सुरेश शर्मा, जवाहर शर्मा, वासुदेव गोस्वामी, हितहरी शास्त्री, अन्नू वैध, एलपी शर्मा, आरएन भारद्वाज, डोरीलाल पांडेय, गिर्राज शर्मा आदि थे।




## मां सांचोली देवी पदयात्रा कमेटी ने किया दुग्धाभिषेक



**कोसीकलां।** मां पथवारी देवी पदयात्रा कमेटी के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां सांचौली देवी जाने वाली पदयात्रा को लेकर गुरूवार की प्रातः कमेटी के पदाधिकारियोंएवं कार्यकर्ताओं तथा नगर के गणमान्य लोगों ने रत्नागर सागर किनारे स्थित मां पथवारी देवी मंदिर पर दुग्धाभिषेक कर मातारानी की आरती उतार पदयात्रा की तैयारियां शुरू कर दी गयीं।मां पथवारी देवी पदयात्रा कमेटी के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां संचौली मंदिर के लिए जाने वाली पदयात्रा की तैयारियों को लेकर कमेटी के राहुल सक्सैना के साथ सभी पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओं तथा नर के गणमान्य लोगों ने रत्नागर सागर किनारे स्थित मां पथवारी देवी मंदिर पर मां पथवारी देवी पर विधिवत मंत्रोच्चारण के मध्य दुग्धाभिषेक कर मातारानी की आरती उतार पदयात्रा की तैयारियां शुरू कर दी गयीं। मंदिर परिसर में लग रहे माता रानी के उदघोषों से समूचा नगर भक्तिमय हो गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि बताया कि यात्रा 5 अक्टूबर रविवार को रत्नागर सागर किनारे स्थित मां पथवारी मंदिर से नगर भ्रमण करती हुई मां संचोली देवी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, संजीव जाविया, देशबंधु अग्रवाल, तरुण सेठ, सौरभ बिछोरिया, संजय जायसवाल, यादराम मैथिल, भगवत मैथिल, कन्हैयालाल अग्रवाल, महेश अग्रवाल, पंकज गोयल, नितिन, बिहारी लाल सभासद, आदि दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए हर समय तैयार कैबिनेट मंत्री: नरदे



**कोसीकलां।** कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने छाता विधानसभा क्षेत्र के मझोई, शेरनगर, खैरार, साढ़े सात विसा, बुद्धगढ़ी, धानौता और रूपनगर आदि करीब एक दर्जन गांवों का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों की हर संभव मदद की जाएगी। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी लगातार स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। पीड़ितों के लिए हर समय तैयार है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद भी राहत कार्य जारी रहेंगे। विस्थापितों को सुरक्षित आश्रय देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।कैबिनेट मंत्री प्रति. निधि नरदेव चौधरी ने स्टीमर में बैठ आसपास का भी निरीक्षण किया एव साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी सूचना देकर हर समय आपदा से निपटने के आदेश दिए एसडीएम वैभव गुप्ता, लोकमणी प्रधान, वीरेंद्र कटारा, हरीशचंद, सुभाष ठाकुर, वीरेंद्र सिंह आदि थे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालयः
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ईओ के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** गुरुवार को अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ पालिका टीम ने नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान एवं पॉलीथिन जब्ती की कार्रवाई भी की गई।जिससे दुक. ानदारों ।में हड़कंप मच गया।

गुरुवार को ईओ के नेतृत्व में पालिका की टीम ने नगर पालिका कार्यालय के बराबर से शाही मस्जिद तक और मुख्य बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाया गया।





इस दौरान पॉलिथीन जब्ती अभियान भी चलाया और सख्त आदेश दिए कि कोई भी दुकानदार पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि दुकानदार कपड़े के थैले का उपयोग करेंगे और अपने सामान को नालों के पीछे ही रखेंगे।

अगर कोई दुकानदार नालों के आगे सामान रखता है, तो उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा और जुर्माना लगाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने शाही मस्जिद के पास स्थित पालिका की आराजी का निरीक्षण भी किया, यहां दुकानों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी दुकानदार अतिक्रमण नहीं करेगा और नगर पालिका के नियमों का पालन करेगा।

इस दौरान अवर अभियंता अभिनेष तिवारी, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती,कस्बा चोकी इंचार्ज रामकुमार,उपनिरीक्षक संत कुमार सहित तीनों सफाई नायक मौजूद रहे।

# टाण्डा में जर्जर मार्गों के निर्माण के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** अपना दल एस के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी को ज्ञापन देकर नगर में विभिन्न जर्जर मार्गों के निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने की मांग की है।

विधायक को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर के मोहल्ला काजीपुरा वार्ड नंबर 7 में अब्दुल माजिद के मकान से शरीफ जमील के मकान तक मार्ग जर्जर है तथा मोहल्ला मनहारान में निसार नेता के मकान से अब्दुल अलीम के मकान तक मार्ग की हालत अत्यंत खस्ता है और मोहल्ला पड़ाव में नावेद होटल से लईक जबूर के मकान तक, मोहल्ला टंडोला में कब्रिस्तान से सैफई वाली मस्जिद तक मार्ग जर्जर है, जबकि



मोहल्ला दुलीवाला में मंदिर को जाने वाला मार्ग भी खस्ताहाल है। इसके अलावा मनसब अली स्टेडियम से लखमन नगला मोड़ तक,अर्धनिर्मित स्लॉटर हाउस से सेंटाखेड़ा माइनर की पुलिया तक मार्ग बेहद खराब है। इसके साथ ही नगर के अंदर जगह-जगह चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था के तहत कुल 35 बिजली टावरों को स्थापित किया जाना जरूरी है।इसके अतिरिक्त नगर के मुख्य बस अड्डे पर यात्री टीन शेड का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। विधायक ने प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र उक्त कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में अपना दल (एस) के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शरीफ जमील,नगर अध्यक्ष अहमद नबी और पूर्व सभासद मोहम्मद जावेद शामिल थे।

# एसडी ग्रीन पब्लिक स्कूल में साइबर क्राइम से बचाव के लिए छात्रों को दिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** एसडी ग्रीन पब्लिक स्कूल टांडा में साइबर क्राइम से बचाव हेतु छात्रों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध में बुधवार को कोतवाली टाण्डा से आयी प्रशिक्षण टीम ने उपस्थित छात्रा-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपध्भोगी जानकारी दी टीम प्रभारी दिनेश कुमार सब इंस्पेक्टर टांडा एवं मुकेश कुमार द्वारा बताया गया कि साइबर क्राइम कैसे अपने जाल में फंसा कर आपका रुपया पैसा ठग लेते हैं।

कभी आपसे रिश्तेदार बन कर पैसे की मांग करेंगे कभी पुलिस बन कर आपके किसी परिजन को छुड़ाने हेतु रुपया पैसे की मांग करेंगे। ऐसे ठगों से आप लोग सावधान रहे यदि ऐसी कोई



काल आप के पास तो आप 24 घन्टे के अन्दर 1930 मोबाइल पर तत्काल कार करें। ताकि ऐसे अपराधी को पुलिस पकड़ सके।

टीम में उपस्थित कासये प्रिया पान्डेय एवं कांस्टेबिल सौरभ त्यागी ने भी बच्चो को उपयोगी जानकारी उन्होंने बताया कि यदि कोई अंजान आदध्मी मैसेज के माध्यम से आपको नौकरी लगवाने कहता है। घर बैठे आपको किसी रोजगार हेतु आपको लालच देता है तो उसे आप अनसुना कर दें कोई मैसेज न करें। के वाई सी. अपडेट कराने के नाम पर या बैंक से खाते के संम्बन्ध में कोई जानकारी मांगे तो न दें। समस्या का समाधान स्वयं बैंक जा कर करें। किसी के कहने पर कोई भी एप डाउन लोड न करें। आनलाइन गैम न खेले इसमें आप की रकम ठगी जा सकती है। यदि किसी का गलत नंबर से पैसा आपके खाते में आ गया है तो उसे वापस करने की चेष्टा ना करें चूकि वह गलत मैसेज है आपके खाते में पैसे ही नहीं है।

इस प्रकार की समस्या बताएंगे अन्त में विद्यालय के चेयर मैन श्रीपाल सिंह द्वारा टीम का आभार व्यक्त किया गया। जानकारी देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर प्रिन्सिपल राधिका वर्मा, गिरीश कुमार, सरोज , गुलफिजा, निशा, प्रियका चौरसिया, अन्या रस्तोगी, उपस्थित रहीं।

# हाउस टैक्स में बेतहाशा वृद्धि को लेकर सभासदों ने खोला मोर्चा, वृद्धि वापस लेने की मांग

## पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** शासन द्वारा हाउस और वाटर टैक्स मे वृद्धि करने पर पालिका के सभासदों ने मोर्चा खोल दिया। गुरुवार को सभी ने पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार को ज्ञापन सौपकर वृद्धि वापस लेने की मांग की है। नगर पालिका परिषद मिलक के सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार व अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा कि जनता की शिकायत पर हम सभी सभासदों ने मांग की है। हाऊस टैक्स और वाटर टैक्स का जो नया नियम लगाया गया है उसमें बेतहाशा वृद्धि हुई है।

जनता की जेब पर इससे बहुत बड़ा बोझ



पड़ेगा वह गलत है पहले टैक्स कम था जनता को परेशानी नहीं थी। अब टैक्स कई गुना बढ़ा दिया गया है उसमें वहीं पुराना टैक्स रखने की मांग की गई। सभासदों ने चेतावनी दी कि अगर हमारी सुनवाई नहीं होती है तो अनिश्चित कालीन के लिए सभी सभासदगण धरने पर बैठ जाएंगे। ज्ञापन पर सभासद आसिफ खान, हरीश गंगवार, रेशमा वी, गोपेश्वर गंगवार, जयकीरत गंगवार, प्रखर वशिष्ठ, शिव वाल्मीकि, विजय गंगवार, शहनाज बेगम, मुन्नी बेगम, तेजपाल सिंह, भुकन राठौर, भगवानदास, आसिब खान, अमरीश बाबू आदि के हस्ताक्षर है।

# गला घोटू बीमारी से फार्मर की भैंस की मौत कई पशु बुखार से पीड़ित, विभाग अंजान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के शिव नगर बब्बरपुरी में गला घोटू बीमारी से एक फार्मर की भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। लेकिन पशुपालन विभाग क्षेत्र में फैल रही गला घोटू बीमारी के प्रति लापरवाह बना हुआ है पशुओं का टीकाकरण नहीं किया गया है। क्षेत्र के शिव नगर बब्बरपुरी में किसान अब्दुल मन्नान की भैंस बीते कई दिनों से गला घोटू बीमारी से पीड़ित थी जबकि उनके ओर कई अन्य पशूओ को भी बुखार की शिकायत चल रही है लेकिन पशुपालन विभाग इस मामले में अनजान बना हुआ है। गला घोटू बीमारी के चलते गुरुवार को भैंस ने दम तोड़ दिया जिसकी कीमत लगभग नब्बे हजार रूपए बताई जाती है मामले की लेकर जब पशु सेवा उपकेंद्र पर गये लेकिन चिकित्सक के नदारद रहने से बीमार भैंसों का समय पर इलाज नहीं हो पाया और उसने दम तोड़ दिया। इसके अलावा सीतारामपुर रहमतगंज शिकारपुर समेत आसपास के गांव में पशुओं में गलाघोटू और बुखार जैसी बीमारी से



पीड़ित चल रहे हैं लेकिन इन बीमारियों से बचाव के लिए विभाग ने कोई टीकाकरण नहीं कराया है जिससे पशुपाल. कों में पशु चिकित्सा विभाग के प्रति आक्रोश बना हुआ है। शिकायतकर्ता अब्दुल मन्नान, मोहम्मद इमरान, रूप किशोर हर ज्ञान सिंह सिराज अहमद फूल सिंह नाम अली अमीर अहमद आदि ने जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए पशुओं में टीकाकरण की मांग की है।

# खोद कला में ग्राम प्रधान ने मैरिज हॉल की तोड़ी दीवार, दो पक्षों में तनाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** नगर पंचायत नरपत नगर चौकी क्षेत्र के गांव खोद कला में ग्राम प्रधान ने जेसीबी मशीन से अपने खेत में गूल खुदवाते हुए पड़ोस के मैरिज हाल की दीवार गिरा दी। जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

क्षेत्र के गांव खोद कला में मदीना मैरिज हॉल के संचालक आरिफ पुत्र नबी जान और ग्राम प्रधान हामिद हुसैन के बीच पिछले काफी दिनों से रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के चलते मैरिज हाल के पीछे ग्राम प्रधान हामिद अली का खेत है ग्राम प्रधान ने बुधवार को मैरिज हाल की दीवार के बराबर से जेसीबी मशीन से गूल की खुदाई कर दी। जिससे मैरिज हॉल की दीवार गिर गई इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।

मैरिज हॉल संचालक मोहम्मद आरिफ अंसारी का कहना है की प्रधान ने जानबूझकर मैरिज हाल की की दीवार जेसीबी मशीन से गिराई है। जबकि प्रधान पक्ष का कहना है की दीवार पहले से ही क्षतिग्रस्त थी पानी भरने के कारण गिर गई है। मैरिज मैरिज हॉल संचालक मोहम्मद आरिफ ने इस मामले में पुलिस चौकी को तहरीर सौंपकर ग्राम प्रधान समेत अलीजान, भाईजान, राहतजान, मकसूद, युसूफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैदनगर।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी सुरेश चन्द्र ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना के अन्तर्गत 02 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक सैदनगर के ग्राम सींगनखेड़ा में किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान सींगनखेड़ा रूपाली लोधी द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित जानकारी दी गयी एवं प्रयोगात्मक कार्य कराए गए, जिसमें केन्द्र प्रभारी, सेवानिवृत्त प्रभारी सहर हसन खान, डीआरपी हरपाल सिंह, एवं कृषि विशेषज्ञ



ज्ञानेन्द्र कुमार ने खाद्यान्न को खराब होने से रोकने की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने पर विभाग द्वारा एक लाख का अनुदान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

# विधायक अंसारी का लगा जनता दरबार

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** गुरुवार विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपने केम्प कार्यालय पर क्षेत्र से आये हुऐ लोगो की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारिओं को तुरंत करावाई करने के निर्देश दिये उसके बाद समस्त विधुत विभाग एवं अन्य विभागों को तुरंत समस्याओं को निबटाने के लिए आदेश दिये अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं को कार्यालय पर बुलाकर मीटिंग ली और क्षेत्र मैँ आ रही बिजली की समस्याओं को लेकर चेतावनी दी और इन समस्यायों का तुरंत निबटारा होना चाहिए क्षेत्र से आये लोगो ने अपने अपने क्षेत्र में आ रहीं समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। बादली के प्रधान ने अपने ग्राम में शमशान घाट बनवाने के लिए प्रस्ताव दिया. टांडा से आये शरीफ जमील ने टांडा



में विकास कार्य करवाने के के लिए विधायक जी को ज्ञापन दिया मुंडिया के ग्रामीणों ने अपने गांव में सी सी रोड. लाडपुर बीवी के ग्रामीणों ने लाइट छितरिया जागिर के प्रधान जी ने आंगनवाड़ी केंद्र के लिए. मधुपुरा के प्रधान प्रेमपाल ने विधुत लाइन से सम्बंधित ज्ञापन दिया लोधीपुरा परसुपुरा केशनगली बब्बरपुरी शिक. ारपुर मानपुर उत्तरी अलीनगर जागिर अलीनगर उत्तरी मोहब्बतनगर अधिकतर गाँवो से आये हुऐ लोगो ने विधायक जी से मुलाकात की। विधायक जी ने कहा मेरी पहली प्राथमिकता है की अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाना. बरसात के बाद अधिकतर गाँवो में विकास कार्य होंगे।

विधायक जी ने सभी को ईद मिलादुन नबी की मुबारबाद दी और सभी लोग शांति से ईद मिलाद उन नबी का जश्न मनाये इस दौरान शरीफ जमील प्रति. निधि टांडा,वसीम अहमद प्रतिनिधि नरपत नगर,दीप गोयल प्रतिनिधि मसवासी, इकराम अंसारी प्रतिनिधि दडियाल, रमेशचंद प्रधान त्रिवंत प्रधान फारूक प्रधान साजिद प्रधान शब्बीर प्रधान ठाकुर नूर हसन प्रधान मारूफ प्रधान जावेद प्रधान आरिफ प्रधान सतवीर प्रधान खलील अहमद सदस्य जिला पंचायत ,असगर अली प्रधान नानकर रानी, अमरजीत प्रधान पूसवाड़ा नथा राम प्रधान भगवनगर,यासीन अंसारी अहमद हुसैन सैफी, दीपक नागर सलाहक. र,अजय शर्मा पंकज सैनी प्रतिनिधि पवन शर्मा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सैनी सभासद बंटी सभासद अकील सभासद काशीराम सुरेश सिंह अमिरुल हसन व मीडिया प्रभारी इदरीस खा आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकिसं ने किया विरोध प्रदर्शन निकाली ट्रैक्टर रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा के नेतृत्व मे किसानो की मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन नगर मिलक में किया गया जिसमें 212 ट्रैक्टर शामिल हुए। किसानों ने ट्रेक्टर रैली को हेरिटेज स्कूल से प्रदर्शन प्रारंभ किया और मंडी समिति मिलक के खिलाफ धरना पर बैठे। उपजिलाधिकारी मिलक के पूर्ण आश्वासन पर किसानों ने सहमति दी यह सभी मांगे हमारी पूरी की जाएं और यदि ऐसा नहीं किया तो अगली बार तहसील स्तर पर प्रदर्शन नहीं करके जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों के कहने पर प्रदर्शन समाप्त किया।



जिसमें किसानों ने उक्त मांगे प्रशासन के सामने रखी हैं, जनपद के सभी मंडी समिति मे किसानो से गर्दा के नाम पर बसूली बंद हो।, जनपद की मंडी मे किसानो से नगद भुगतान के नाम पर 2 प्रतिशत कमिशन बंद हो।, किसानों के अनाज का भुगतान नगद किया जाए।, सभी किसानो की 6 आर काटना आवश्यक हो।, किसी कारण बस भुगतान ना होने पर किसान को पक्की पर्ची दी जाए जिससे किसान की बेईमानी होने से बचे, ग्राम विक्रमपुर से मिलक का रास्ता बहुत खराब है लोक निर्माण विभाग यह रास्ता बहुत जल्द पक्का नाला बनाकर पढ़वाएं। जनपद के बहुत किसान हैं जिनका पैसा मंडी समिति के व्यापारियों पर आज भी आ रहे हैं व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। निरस्त करने से किसान को कोई लाभ नही मिला लाइसेंस निरस्त करना कोई समाधान नही है। इनकी नीलामी कराई जाये और किसान का पैसा दिलाया जाए। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री सुनील कुमार, विभाग संगठन मंत्री रमेश, जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, जिला सह मंत्री अरविंद कुमार, जिला विद्युत प्रमुख हुलासराय, जिला बी प्रमुख सुमित कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष चंद, सोहन पाल, मिंटू तिवारी, पवन शर्मा, घनश्याम कुर्मी, यशपाल श्रीवास्तव, अनमोल राणा, टीटू पांडे, कौशल पांडे, पिंटू पांडे सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से दुखी लाखों शिक्षक नहीं मनाएंगे शिक्षक दिवसः चरनसिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,शाखा-रामपुर की अशोक विहार स्थित आवास पर एक आवश्यक बैठक जिला मंत्री चरन. सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री चरनसिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से शिक्षक समाज हतप्रभ है, शिक्षक के समक्ष आज आजीविका का संकट खडा हो गया है सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से दु:खी लाखों शिक्षक इस बार शिक्षक दिवस नहीं मनाएंगे। जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह चौहान ने कहा कि 01 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये आदेश से देश भर में 10 लाख से अधिक सरकारी शिक्षकों की नौकरी पर संकट मँडरा गया है। जनपदीय वरिष्ठ उमेशचंद्र राठौर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को निजी स्कूलों पर लागू किया गया तो इससे प्रभावित शिक्षकों की सम्भावित संख्या करोड़ में होगी। जनपदीय कोषाध्यक्ष अशोक मेहरा ने कहा कि इस निर्णय से शिक्षक दु:खी एवं चिन्तित हैं।

जिला संरक्षक हरिराम दिवाकर ने कहा कि सदैव की भाँति कल 5 सितम्बर को देश एवं सभी प्रदेश की सरकारें मंच सजाकर चंद शिक्षको को चंद लम्हों का सम्मान देंगी। जनपदीय डा सरफराज अहमद ने कहा कि सम्मानित होने वाले कुछ ऐसे शिक्षक भी होंगे जिन्हें भारत सरकार द्वारा टीईटी को लेकर बनाये गये कानून के कारण दो साल बाद सेवा से निकाले जाने की चिंता सता रही होगी क्या ऐसी विषम परिस्थिति में मिलने वाले उस सम्मान को शिक्षक मन से स्वीकार करेगा।

जिला उपाध्यक्ष ववीता सिंह कहा कि भारत सरकार द्वारा टीईटी को लेकर बनाये गये कानून के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गये निर्णय से देश भर के दस लाख से अधिक सरकारी शिक्षकों के सामने दो वर्ष बाद सेवा से बाहर किए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। बैठक को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि हम सब प्रधानमंत्री जी एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से अनुरोध करते हैं कि शिक्षकों के साथ न्याय करने की घोषणा करें,उनकी घोषणा ही शिक्षकों के लिए वास्तविक सम्मान होगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजीव पाण्डेय ,जिला उपाध्यक्ष असदुरज्जफर रहमानी,जिला उपाध्यक्ष सुभाष राठौर ,जिला उपाध्यक्ष संजयसिंह,जिला उपाध्यक्ष बृजपाल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सईद सागर ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, ब्लाक मंत्री मनोज कुमार, ब्लाक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, ब्लाक मंत्री तनवीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष रहमत अली, ब्लाक उपाध्यक्ष अमरपाल यादव, ब्लाक अध्यक्ष तरुण पांडेय, ब्लॉक मंत्री महेंद्र कुमार, ब्लाक अध्यक्ष, धर्म पाल सिंह , ब्लाक मंत्री प्रताप सिंह सैनी , ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह, ब्लाक मंत्री प्रभजोत सिंह, तहसील प्रभारी प्रसन्न प्रकाश, ब्लाक कोषाध्यक्ष अमितेश झा ब्लाक वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरूण उपाध्याय, उपाध्यक्ष विजय कुमार, तहसील प्रभारी सरदार राजेंद्र सिंह,मुनेंद्र प्रताप सिंह, गौरव दीप , राजेश कुमार पाली , चमन सिंह गौतम ,महेश कुमार लोधी, ऋषिपाल, श्रीमती प्रगति, विपिन कुमार, सौरभ शर्मा, रामकिशोर , विवेक सैनी सुमित गंग. वार, अनुसेंद्र चौहान , संदीप यादव, नीलम वर्मा, जैस्मीन , दिनेश कुमार अशोक रावत ताहिर अली वेद प्रकाश विनोद कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण लीला का हुआ आयोजन निकाली गई शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शहजादनगर।** धमोरा में श्री कृष्ण लीला का आयोजन गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी धमोरा में पिछले 6 दिनों से किया जा रहा था। गुरुवार को धमोरा की श्री कृष्ण लीला के चलते हुए बाहर से आए कलाकारों द्वारा झांकियों का आयोजन किया गया। कलाकारों ने सजाई झांकियों को धमोरा के मुख्य मार्ग से होते हुए कृष्ण लीला मैदान तक उनका नृत्य करते हुए संपन्न किया गया।

श्री कृष्ण लीला झांकियो के आयोजन में गुरुवार को धमोरा क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र के सभी गांव के पुरुष महिला व बच्चे एकत्र हुए। मेले की झांकियो का शुभारंभ विधायक आकाश सक्सेना द्वारा किया गया श्री कृष्ण लीला की झांकी से धमोरा के



मुख्य मार्ग भक्ति गाने और नृत्य से गूंज उठे।

आसपास के गांव से आई पब्लिक की बेशुमार भीड़ उमड़ पड़ी जैसे ही मुख्य मार्ग से होते हुए झांकियां मेले की तरफ पहुंची तो मेले में आए आसपास के गांव से लोगों की बेशुमार भीड़ उमड़ी।

इस अवसर पर थाना अध्यक्ष हरेंद्र कुमार के साथ पुलिस बल तैनात रहा तथा कृष्ण लीला कमेटी के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग मेला ठेकेदार के भी सहयोग रहा।

# भूख से तड़पकर पांच गायों ने दी जान

## पार्षदों ने सूरजकुंड गौशाला में दिया धरना, नगर निगम के अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अखिल भारतीय हिन्दू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने पांच गायों के मरने का नगर आयुक्त सहित अधिकारियों को दोषी माना है। उनका कहना था कि मेरठ के सूरजकुंड गौशाला में कान्हा उपवन गौशाला कांड दोहराया गया है। इसी को लेकर सूरजकुंड गौशाला में जमकर हंगामा हुआ। वहीं पार्षद संजय सैनी व सुभाष धरने पर बैठ गये। मौके पर पहुंचे महापौर हरिकांत अहलुवालिया ने पार्षदों को दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सचिन सिरोही ने कहा कि शहर में एक बार फिर कान्हा उपवन गौशाला जैसा दर्दनाक कांड दोहराया गया है। नगर निगम की बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर 5 निर्दोष गायों ने भूख से तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। वहीं गौशाला में बाकी बची गायें भी गंभीर हालात में हैं और उनके लिए किसी भी क्षण बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम को गौशालाओं की व्यवस्था और गायों की देखभाल के नाम पर करोड़ों रुपये सरकार से मिलते हैं, लेकिन हकीकत में इन पैसों का इस्तेमाल गायों के चारे और चिकित्सा पर न होकर अधिकारियों की ऐश-ओ-आराम में होता है। कान्हा उपवन गौशाला कांड में डाक्टर हरपाल को पहले ही जेल की हवा खानी पड़ी थी। उस समय भी गायों की दयनीय स्थिति और भ्रष्टाचार की पोल खुली थी, लेकिन दुखद यह है कि हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में जहां गायों को 'गौमाता' का दर्जा दिया जाता है, वहीं जमीन पर उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस घटना ने न सिर्फ प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौशाला में लोगों में गुस्सा देख गया महापौर के आश्वासन पर लोग शांत हुए।



## नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अब मेरठ में पेट्रोल पंप से तेल लेने के लिए हेलमेट पहनना जरूरी होगा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु जनपद में नो हेलमेट-नो फ्यूल विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक संचालित होगा। इस दौरान जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने पंप परिसर में नो हेलमेट, नो पेट्रोल आपका जीवन है अनमोल लिखे बैनर होर्डिंग अनिवार्य रूप से लगाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी ऐसे दोपहिया चालक अथवा उसके सहयात्री को पेट्रोल न दिया जाए, जिसने हेलमेट न पहना हो। साथ ही, पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की जा सके। केंद्रीय मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा 129 और उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली 1998 के तहत हेलमेट पहनना सभी दोपहिया चालकों व सवारियों के लिए अनिवार्य है। इसका उल्लंघन करने पर धारा 177 के अंतर्गत जुर्माने का प्रावधान है।



## शाहपीर गेट में मकान गिरने से मचा हड़कंप

### क्षेत्रीय लोगों के अनुसार 200 साल पुराना था जर्जर भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लगातार हो रही बारिश के चलते गुरुवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के शाहपीर गेट में 200 साल पुराना जर्जर मकान भरभराकर गिर गया। भीड़भाड़ वाले इलाके में मकान गिरने से अफरा तफरी मच गई गनीमत रही कि मकान गिरने से पहले ही परिवार के लोग बाहर निकल गए थे घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोग द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। शाहपीर गेट निवासी अरशद अपने पुश्तैनी मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे मकान लगभग 200 साल पुराना बताया गया है। मकान की जर्जर हालत होने के कारण बारिश से पहले अरशद ने मकान को तोड़कर दुबारा से बनाने का विचार किया था। इसके लिए अरशद ने मकान तोड़ने के लिए मजदूरों को भी बुलाया था। लेकिन मजदूरों से बात नहीं बनी और वह चले गए। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से मकान में दरारें पड़ गई और गुरुवार की सुबह अचानक भरभराकर पूरा मकान गिर गया।



## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार देर रात सरधना नानू मार्ग पर पेपर मिल के निकट सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला कमरा नवाबान निवासी अजमत पुत्र शादाब बुधवार देर रात बाइक पर सवार होकर मेरठ से वापस सरधना लौट रहा था। जैसे ही वो सरधना नानू मार्ग पर मंढियाई गांव के निकट पहुंचा तो बाइक का पहिया गड्ढे में पड़ने से अनियंत्रित हो गया। बाइक आगे चल रह ट्रक में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया।



## पुलिस ने ताजिए के खलीफा को गोली मारने वाला तीसरा आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र में ताजिया के खलीफा को गोली मारने के तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने देर रात उसके घर में दबिश देकर पकड़ लिया। पूछताछ के बाद गुरुवार को पुलिस ने उसको जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि मोहर्रम के दिन मोहल्ला ऊंचापुर में मामूली कहा. सुनी के बाद बाइक सवार तीन लोगों ने ताजिया के खलीफा कादिर वेग पुत्र मुबारिक वेग को गोली मार दी थी। कादिर वेग के बाएं कंधे में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। कादिर के भाई ने आरोपियों के खिलाफ थाने में घटना का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तभी मुख्य आरोपी शोएब उर्फ टिड्डी पुत्र वहीद निवासी मोहल्ला ऊंचापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी वसीम पुत्र सलीम निवासी किदवई नगर को भी गिरफ्तार कर लिया था। मगर एक आरोपी अभी तक फरार चल रहा था। पुलिस ने तीसरे आरोपी बिलाल को भी दबोच लिया है। गुरुवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने चालान कर जेल भेज दिया।




## सीसीएसयू छात्राओं ने चिकित्सा शिविर में महिलाओं को स्वस्थ जीवन का संदेश दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, के गृह विज्ञान विभाग एवं महिला अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में, कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025 के अंतर्गत चौथे दिन छात्राओं द्वारा एक नि:शुल्क चिकित्सा एवं पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्राओं ने महिलाओं को संतुलित आहार, स्वस्थ खान-पान की आदतें एवं जीवन शैली सुधार संबंधी जानकारी दी। साथ ही व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार डाइट चार्ट भी वितरित किए, जिससे प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में व्यावहारिक रूप से स्वास्थ्य-संवर्धन करने को कहा।

## परीक्षितगढ़ में हुई क्यूआरसीएस ड्रिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** आरएएफ की बी कंपनी क्यू आर सी एस ड्रिल के लिए परीक्षितगढ़ थाने पहुंची जिससे दंगा होने पर आर ए एफ कितने समय में परीक्षितगढ़ पहुंच सकती है इसके लिए क्यू आर सी एस ड्रिल की गई। इसमें सुभारती विश्व विद्यालय के सामने स्थित आर ए एफ मुख्यालय से परीक्षितगढ़ थाने पहुंचने में कंपनी ने एक घंटा 25 मिनट का समय लिया।

आरएएफ 108 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनय शर्मा के निर्देशानुसार उप कमांडेंट सतीश सांगवान व सहायक कमांडेंट उदयभान सिंह सहायक कमांडेंट अंबुज कुमार एक कंपनी के साथ परीक्षितगढ़ थाने पहुंचे तथा थाना प्रभारी विजय कुमार राय को रिपोर्ट देते हुए ड्रिल का उद्देश्य बताया। थाना प्रभारी विजय कुमार राय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में लोगों को ड्रिल का उद्देश्य समझाया की यदि किसी गांव या क्षेत्र में दंगा फसाद होता है तो कम समय में ड्रिल कर सकते हैं।

## किशोरी को अगवा करने वाला आरोपी भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के भामौरी गांव से किशोरी को लेकर जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के भामौरी गांव निवासी महिला ने बीती 27 जुलाई को थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि एक युवक उसकी 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में लगाई गई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। जिसके बयान के आधार पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट बढ़ा दिया था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ बोबी पुत्र शिवकुमार निवासी सराय हकीम वाल्मीकि मोहल्ला अलीगढ़ का चालान कर जेल भेज दिया। इसके अलावा पुलिस ने एक वारंटी मुकेश पुत्र हरीश चंद निवासी ईकड़ी रोड सरधना को भी गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

## आज न्यायालय में रहेगा अवकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज बारहवफात के अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जनपद न्यायालयों में अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि पूर्व में केवल प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय अवकाश घोषित किया गया था इसके बाद गुरुवार शाम होते-होते जनपद न्यायालयों में भी अवकाश की सूचना आ गई।

## हत्या के मामले में परीक्षितगढ़ पुलिस ने फरार आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**परीक्षितगढ़।** नगर में डेढ़ महा पूर्व रूपये न मिलने के बाद हत्या के एक फरार आरोपी को थाना पुलिस ने गाजियाबाद से पकड़कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इससे पहले हत्या के मामले में चार आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि 18 जुलाई 2025 को आस मोहम्मद पुत्र अनीश निवासी ग्राम सिहावली थाना कंकरखेड़ा तथा मोहसिन को पत्थर लगाने के बहाने जाकिर पुत्र घसीटू, साबिर पुत्र भरे, रिहान पुत्र मेहरबान व आसिफ पुत्र रईसु ग्राम गेसूपुर थाना किठौर ने योजना के तहत परीक्षितगढ़ बुलाया तथा बंधक बनाकर रूपयों की मांग की थी जब इन लोगों ने रुपए नहीं दिए तो इन्हें बेरहमी से मारपीट कर इन्हें नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया तथा रस्सी से आस मोहम्मद का गला घोटकर आसिफाबाद नहर में फेंक दिया तथा मोहसिन को बेहोशी की हालत में गन्ने के खेत में फेंक दिया था। इस मामले में मृतक के चाचा नफीस ने मुक. दमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि आस मोहम्मद की हत्या के मामले में चार आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं वहीं इस मामले में फरार आरोपी जान मोहम्मद को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल मेरठ में शिक्षक दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण करते हुए विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गुरू-शिष्य परम्परा, गुरू महिमा आदि पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। मुख्य प्रस्तुतियों में सरस्वती वन्दना, गुरू वन्दना, गुरू अमृतवाणी तथा सारे तीरथ धाम हे गुरुदेव आपके चरणों में आदि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। विद्यार्थियों द्वारा अध्यापकों के लिए किए गये सभी कार्यक्रमों को शिक्षकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने अपने संभाषण में बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की और प्रत्येक के जीवन में शिक्षकों के महत्व को समझाते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हरी झंडी दिखाकर किया साक्षरता रैली का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नव भारत साक्षरता मिशन प्राधिकरण के तहत एक साक्षरता रैली जिला सचिव आशा चौधरी के निर्देशन व जिला कोर्डिनेटर लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में ब्लाक से निकाली गई। जिसका उद्घाटन ब्लाक प्रमुख ब्रहम सिंह खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह जिला पंचायत सदस्य विकास उपाध्याय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर किया।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ब्रह्मसिंह ने बताया कि सरकार साक्षरता अभियान चलाकर सभी 14 वर्ष से अधिक निरक्षरों को शिक्षित बनाकर उन्हे रोजगार देना चाहती है इसका सभी को लाभ उठाना चाहिए वहीं साक्षरता की आवाज हर गांव गली ओर घर-घर में जानी चाहिए तभी रैली का उदेश्य सफल होगा। जिला कोर्डिनेटर लक्ष्मण सिंह ब्लाक मास्टर ट्रेनर विकास अधाना नगर मास्टर ट्रेनर उस्मान अली के नेतृत्व में सैकड़ों बच्चे श्लोगन लिखे बैनर लेकर साक्षरता का मिशन जगायेंगे के नारे लगाते हुए नगर के मुख्य मार्ग से गुजरे। इस मौके पर नेहरू स्मारक इंटर कालिज के छात्र छात्राए व परीक्षितगढ इंटर कालिज के शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। रैली ब्लाक परिसर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई आसिफाबाद तिराहे पर संपन हुई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सो. हनवीर सिंह, नीरज, आशा रानी, आमना खातून, सोहित कुमार, बबलू कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्री रामलीला कमेटी ने नगर निगम से की सुविधाओं की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी रामलीला मंचन को भव्य व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु श्री रामलीला कमेटी ने नगर आयुक्त, नगर निगम को एक पत्र सौंपकर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का निवेदन किया।

कमेटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि जिमखाना मैदान बुढ़ाना गेट व रामलीला मैदान दिल्ली रोड पर इस वर्ष 15 सितंबर से 6 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में भारी भीड़-भाड़ व श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से विशेष सहयोग की अपेक्षा की गई है। कमेटी द्वारा नगर निगम से मांग की गई है कि रामलीला स्थल एवं आसपास साफ-सफाई की उचित व्यवस्था, जिमखाना मैदान व रामलीला मैदान में मोबाइल शौचालय खड़े कराए जाएं, रामलीला के दौरान पीने के शुद्ध पानी की टंकियां लगवाई जाएं, कूड़ा उठाने एवं गंदगी निस्तारण हेतु विशेष व्यवस्था हो, दिल्ली रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखा जाए, कार्यक्रम के दौरान ध्वनि प्रसारण हेतु आवश्यक अनुमति, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस की पर्याप्त तैनाती, रामलीला स्थल के आसपास स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, रामलीला के दौरान मच्छरों से भक्तों को बचाने हेतू फॉगिंग कराई जाए।



## भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने पंजाब भेजा राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन मेरठ के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में जनपद मेरठ के किसानों ने एक दर्जन ग्रामों में से लगभग दस मीट्रिक टन सो कुंतल राशन जिसमें मुख्यत दाल, चावल, मच्छरदानी, सरसों का तेल, रिफाइंड तेल, चाय पत्ती, तीन क्विंटल नमक, एक हजार सेनेटरी पैड, पांच हजार बुखार सिर दर्द की गोली, अन्य दवाइयां, मिर्च मसाले , बिस्कुट के पांच हजार पैकेट आदि समान एक बड़े ट्रक में भरकर रवाना हुए।

जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि आज एक दर्जन ग्रामों के किसानों ने ये दस टन राशन एकत्रित किया गया हे आगे ओर भी राशन एकत्रित करके समय-समय पर पहुंचाते रहेगें। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा पंजाब को राहत पैकेज न दिए जाने पर रोष जताया और कहा ये व्यवहार पंजाब के प्रति सही नहीं है। पंजाब के किसान हमारे किसान हैं हम किसी भी चीज की कमी पंजाब में नहीं रहने देगे। समय-समय पर मेरठ जनपद के किसान भाकियू के बैनर तले पहुंचाते रहेंगे और किसी चीज की कमी नहीं रहने देंगे। किसान एकजुट है और एकजुट होकर किसान संघर्ष करते रहेंगे चाहे सरकार के शोषण के विरुद्ध हो या किसानों की किसी प्रकार की आपदा हो। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, सत्ते, केपी, विनोद, वीरेंद्र, कृष्णपाल, वीर सिंह, राजेंद्र, बबलू, हर्ष चहल, अनूप, मोहित, विनय, विपुल, सचिन, सुनील, सुखपाल आदि मौजूद रहे।

## सीसीएसयू हाइड्रोजन ऊर्जा पर करेगा शोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, में शोध कार्य एक नई ऊंचाई की ओर अग्रसर हो रहा है। विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र कुमार गौतम को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग DST भारत सरकार के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन ANRF से आईआरजी Inclusivity Research Grant योजना के तहत हाइड्रोजन भंडारण के लिए 59.04 लाख रुपये का अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुआ है। तीन वर्षों की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नैनोस्ट्रक्चर्ड मिश्रित धातु ऑक्साइड आधारित इलेक्ट्रोकेमिकल हाइड्रोजन भंडारण प्रणालियों का विकास करना है। इस शोध के माध्यम से हाइड्रोजन को अधिक कुशलतापूर्वक भंडारित करने के उपाय खोजे जाएंगे।

## तीन दिवसीय गणेश महोत्सव का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मौहल्ला सेनियान में श्री गणेश महोत्सव युवा सेवा समिति द्वारा तीन दिवसीय श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धालुओं ने सर्व प्रथम प्रात: भगवान श्री गणेश की शोभा यात्रा बैंड और डीजे के साथ निकाल कर होली चौक पर श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना की गई।

देर शाम को श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में श्री गणेश वंदना जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन अशोक कुमार सैनी के द्वारा श्री गणेश जी की, पूजा अर्चना कर फीता काटते हुए शुभारंभ कराया है। इस दौरान चेयरमैन अशोक कुमार सैनी अपने संबोधन में भगवान श्री गणेश की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि हिंदू धर्म में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में सबसे पहले भगवान श्री गणेश जी की पूजा करके ही आरंभ किया जाता है। इस दौरान सभासद रविंद्र सैनी, सभासद सोहनबीर सैनी, भाजपा विवेक कुमार सैनी, मोनू देव पाल आयोजन समिति के प्रधान सुरेंद्र सैनी, उपप्रधान मुकेश, राहुल सैनी, लविश, नवनीत, हरीश, मेघराज, सोहनबीर सभासद, बबलू, मानसिंह सैनी, मामचंद, सुनील, प्रेमराज, सुदीश कुमार, टीकम सिंह, पूर्व सभासद रविदत, बिट्टू, सोनू, आदि महिलाएं भी मौजूद रही।



## मुस्लिमों ने भेजी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भारी बारिश में पंजाब में आई बाढ़ और कुदरत के कहर ने कई शहरों और जिलों को तबाह कर दिया है। जिसमें लोग बेघर हो गए हैं। जानी क्षेत्र के गांव साल. नगर से मुस्लिम समाज के लोगों ने हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल पैदा की ग्राम प्रधान यामीन अल्वी और गांव के जिम्मेदार लोगों ने पंजाब में आई बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री की गाड़ी भिजवाई। जिसमें आटे के कट्टे, चीनी, रिफाइंड, चावल, दाल आदि सामान था। ग्रामीणों ने बताया कि पंजाब की बाढ़ ने पूरी तरह से तबाह और बर्बाद कर दिया है जिसमें उन्होंने राहत सामग्री भेजने का साहस जुटाया और कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों की वजह से बाढ़ पीड़ितों के लिए सामान भिजवाया जा रहा है। पंजाब में ही नहीं देश में जब भी इस तरह के हालात आए हैं तो वह हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाइल पैदा की है और ऐसे संकट में मदद की है। कस्बा सिवाल खास से भी गुरुवार को मदरसे की जानिब से पंजाब में राहत सामग्री भिजवाई गई है जो सीधी मस्जिद जाती है और वहां पर फिर बाढ़ पीड़ितों को भिजवाई जा रही है। इस मौके पर ग्राम प्रधान यामीन अल्वी, शौकीन, गफ्फार, महराज, अफसर, अनीश बाबू, समाज सेवी राशिद गुड्डू चौधरी, राहत अली आदि मौजूद रहे।



माँ नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Vasundhara Nursing & Paramedical College
Chandola Homoeopathic Medical College & Hospital
ADMISSIONS OPEN 2025-26
Courses offered
B.Sc. (NURSING), B.O.T.T.
B.M.L.T., B.M.R.I.T., B.P.T.
B.H.M.S.
Add : Kichha Road Rudrapur (U.S. Nagar) Uttarakhand
Contact - 9012795799, 8279844855, 9634545986, 9536114468, 9897107000

# नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है सरोवर नगरी की नयना देवी मां

■ ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्थापना दिवस पर शाह वंशज गर्भ गृह में करते हैं पूजा

■ 1880 में विनाशकारी भूस्खलन के कारण धवस्त हो गया था मूल देवी का मंदिर



**अफजल फौजी, नैनीताल।** उत्तराखंड में पुरातनकाल से ही मां नंदा देवी को कुल देवी का दर्जा प्राप्त है। नैनीताल स्थित मां नयना देवी को जहां मां नंदा देवी का प्रतिरूप माना जाता है। कुमाऊं में सबसे पुराने नंदा देवी मंदिर की मान्यता अल्मोड़ा के मंदिर को मिली है। लेकिन नैनीताल की नयना देवी मंदिर को भी भारी ख्याति मिली है। नैनीताल की नयना देवी मां नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है। नैनीताल में वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में की गई इससे पूर्व यह मंदिर वर्तमान बोट हाउस क्लब के पास था लेकिन 1880 में आये विनाशकारी भूस्खलन के कारण यह मंदिर धवस्त हो गया था। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में करने के बाद। मंदिर का स्वरूप विस्तार पाता चला गया। आज इस मंदिर के दर्शनों के लिए देश-विदेश से लोग यहां आते हैं। इस वर्श मंगलवार को नयना देवी मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्श श्री नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से पांच दिवसीय मां नयना देवी जन्मोत्सव व नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी बीते दिनों से मनाया जा रहा है।मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष मंदिर में ज्येश्ठ शुक्ल नवमी को विशेष पूजा होती है। स्थापना दिवस पर मंदिर के पुर्नसंस्थापक स्व. मोती राम शाह वंशज नयना देवी मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा करते हैं। मंगलवार को मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसके लिए उदय साह नयना देवी मंदिर ट्रस्ट ने पूरी तैयारी की है। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में शाह वंशज गर्भगृह में नयना देवी की मूर्ति की विशेष पूजा करेंगे। इसके बाद हवन यज्ञ के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मान्यता है कि कुमाऊं की ईश्ट देवी गौरी के साथ नंदा का आमन हुआ। नंदा चन्द वंशीय राजाओं की कुलदेवी है। कुमाऊं में नंदा के कई मंदिर है। जिनमें नैनीताल का नयना देवी मंदिर भी शामिल है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का त्रिऋषि सरोवर के रूप में उल्लेख होना इसकी पौराणिक महत्ता को दर्शाता है। दरअसल स्थापना दिवस के साथ ही नंदा देवी का जन्म भी ज्येश्ठ शुक्ल नवमी को माना जाता है। इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मनाने की परंपरा है। बर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. मोती राम साह ने अंग्रेजों से सवा एकड़ भूमि लेकर की थी। पूर्व में यह मंदिर बोट हाउस क्लब के पास था। 18 सितम्बर 1880 को आल्मा पहाड़ी में हुए भयंकर भूस्खलन के कारण मूल मंदिर ध्वस्त हो या था। लिहाजा इस मंदिर के अवशेषों को लेकर ज्येष्ठ शुक्ल नवमी कों स्व. शाह ने वर्तमान मंदिर की स्थापना की। पौराणिक महत्व प्राप्त इस मंदिर में स्थापित नयना देवी की प्रस्तर मूर्ति काले पत्थर की नेपाली शैली में बनी है। मंदिर परिसर में मंदिरों का आकार गौथिक व नेपाली पगौड़ा शैली में बने है। मंदिर परिसर में स्थित भैरव व नयना देवी मंदिर एक ही शैली में निर्मित है। जबकि नवग्रह मंदिर ग्वालियर शैली में निर्मित किये गये है। अपने सुन्दर स्वरूप में नैनी झील से लगे इस मंदिर के दर्शन ही औलिककता का अनुभव कराता है।

## नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता

**नैनीताल।** नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का जिक्र त्रिऋषि सरोवर के नाम से है। शिव पुराण के रूद्र संहिता के सती खंड के मुताबिक जब सती के पिता दक्ष प्रजापति ने कनखल हरिद्वार में महायज्ञ का आयोजन किया तो सती के पति भगवान शिव को इस यज्ञ में नहीं बुलाया। दरअसल दक्ष प्रजापति शिव-सती के विवाह से नाराज थे। पिता द्वारा शिव को नहीं बुलाये जाने पर क्रोधित सती महायज्ञ में पहुंच गई। जब महायज्ञ में हवन हो रहा था तो क्रोधित सती हवनकुंड में प्रवेश कर लिया। जिससे सती अर्द्धभस्म हो गई। जब इसका पता शिव को लगा तो वह तांडव करते महायज्ञ स्थल पर पहुंच गये। सती के अर्द्धभस्म काया को लेकर वह कैलास की ओर आ गये। शिव के इस रूप से चिंतित विश्णु भगवान ने सती की काया को कई हिस्सों में विभाजित कर दिया। माना जाता है कि इस स्थान सती की काया का बांया आंख गिर गया। इस स्थान पर नयना अर्थात नैना के आकार की झील बन गई। इसी से प्रेरित नैना या नयना मंदिर स्थापित हुआ।

## गढ़वाल से कुमाऊं में शक्ति के रूप में किया है मां नंदा ने पर्दापण

**नैनीताल।** उत्तराखंड के गढ़वाल में देवी रूप में नंदा को पूजा जाता है। कुमाऊं में यही देवी नंदा-सुनंदा के रूप में पूजी जाती है। इतिहास में इसका रोचक वर्णन है। इतिहासविद् प्रो. अजय रावत के अनुसार जब 17 वीं शताब्दी में चन्द राजा बाजबहादुर के राज्य में रोहिलों व अंग्रेजों की ओर से राज्य हड़पने की कोशिश की जा रही थी तो राजा बाजबहादुर गढ़वाल के परमार वंशीय शासक पृथ्वीपद शाह से सहायता मांगने पहुंचे तब पृथ्वीपद शाह से राजा को यह भी ज्ञात हुआ की मां नंदा की पूजा करने के कारण उन्हें दुश्मनों का कोई भय भी नही है। गढ़वाल के राजा ने बाजबहादुर चन्द को सुझाव दिया कि वह नंदा की प्रतिमा को लेकर कुमाऊं में स्थापित करें। राजा प्रतिमा को लेकर जब गढ़वाल से लेकर बैजनाथ बागेष्वर पहुंचे और कोट नामक स्थान पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। जब सिपाहियों ने देवी प्रतिमा को उठाने की कोशिश की तो प्रतिमा दो भागों में विभाजित हो गई। तब राजा ने दोनों प्रतिमाओं को अल्मोड़ा में स्थापित करवाया और इन्हें नंदा सुनंदा का नाम दिया गया।

## शास्त्रों व पुराणों में भी है नंदा के नाम का उल्लेख

**नैनीताल।** मंदिर पुरोहितों का कहना है कि नंदा देवी का उल्लेख शास्त्रों व पुराणों में भी है। गिरीराज हिमाचल के यहां वह नंदा-सुनंदा के नाम से जानी जाती है, वहीं देवी संसार में सताकक्षी, शाकांबरी, दुर्गा, परांबा, भीमादेवी व भ्रामरी आदि के नामों से पूजी जाती है। उत्तराखंड में परांबा ही नंदा देवी है। सती का नेत्र गिरने से वही नैना देवी कही गई। नैना के नाम से ही नैनीताल नाम हुआ। ताल का स्वरूप आंखों की तरह है यहां वह नयना देवी कहलाई।

मां नंदा देवी महोत्सव
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
PARVATI PREMA JAGATI SARASWATI VIHAR
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI
UNDER THE AEGIS OF VIDYA BHARATI
GURUKUL
lead the future of learning
JOIN
P.P.J.
Sr. Sec. Fully Residential Boys' School
100% Results
2026-27
ADMISSION OPEN
For Class 6 & 9
Registration Starts – 5th September 2025
Entrance Exam Date - 1 February 2026
SALIENT FEATURES
State-of-the-art Facilities
Innovative and Holistic Learning Experienced Faculty
Excellent Board Results
Digital & Virtual Smart Classes with Advanced Technology
Special Coaching Classes for JEE & NEET
www.ppjsvihar.in
7351006369, 7351005669, 9412179838
Durgapur, P.O. Bisht Estate Via Jeolikote, Veerbhatti, Nainital, Uttarakhand - 263127

ONE OF THE LEADING URBAN CO-OPERATIVE BANK OF UTTARAKHAND WITH 49 BRANCHES.
First URBAN COPERATIVE BANK TO HAVE INTERNET FACILITY IN UTTARAKHAND.
First URBAN CO OPERATIVE BANK TO HAVE INTERNET FACILITY IN UTTARAKHAND.
MONTHLY INTEREST IN SAVING BANK ACCOUNTS.
7% INTEREST ON DEPOSIT FOR 1 YEAR AND 7.50% INTEREST FOR SENIOR CITIZENS.
7.50 % INTEREST ON DEPOSIT OF 25 LAKHS TO 1 CRORE
7.75 % INTEREST ON DEPOSIT OF 1 CRORE AND ABOVE.
INSTANCE PROCESSING AND LOAN FACILITY.
WWW.KURMANCHALBANK.COM
THE KURMANCHAL NAGAR SAHKARI BANK LTD.
NAINITAL
SANJAY SAH SECRETARY
HEAD OFFICE KURMANCHAL BHAWAN
NAINITAL 05946-236574,231525

RAMA MONTESSORI ENGLISH MEDIUM SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL
Will be offering you Comprehensive education from NURSERY TO CLASS 8th Join our legacy of Excellence and Holistic development.
Excellent Teacher Student Ratio
Computer classes
Taekwondo Classes
EMPOWERING YOUNG MINDS WITH QUALITY EDUCATION.
COME AND BE A PART OF OUR FAMILY. WHERE LEARNING MEETS EXCELENCE AT
RAMA MONTESSORI SCHOOL
NAINITAL
25 Years Completed
For more details
Visit at our website
www.ramamontessori.com
Contact : 9759911893, 9760408506.
ADMISSION OPEN 2025-2026

ALL SAINTS' COLLEGE
NAINITAL
FOUNDED IN 1869
DIOCESE OF AGRA CHURCH OF NORTH INDIA
From Class I to XII (ICSE Board)
A DAY BOARDING SCHOOL
Admission open - 2025-26
Boys and Girls (Classes prep to 5)
Girls- Prep to 9 and 11
Ph.: 05942-235121
E-mail: principal@allsaintscollege.org
Website: www.allsaintscollege.org




Birla Vidya Mandir, Nainital-263002 (Uttarakhand)
(Sarala Birla Group of Schools)
(A Residential Public School for Boys Affiliated to CBSE)
website: www.birlavidyamandir.com Email: principal@birlavidyamandir.com
Among the best 10 boarding schools of the country – Educational World survey, 2019
Member of IPSC, NPSC, ICP, IBSC
- A legacy boarding school campus, that dates back to 1870.
- Excellent board results over the decades backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs. An annual winter study camp in Lucknow for board students.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies, NGOs and hobby centers.
- Holistic outdoor, indoor and adventure activities with a gamut of facilities.
- Spacious dining hall backed by a modern kitchen serving a wholesome diet of vegetarian delicacies.
- Central heating facility in boarding houses.
- A well equipped 10-bedded infirmary with paramedical staff and a physician.
- Special classes for entry into professional courses and competitive exams including IIT, Medical and NDA by outsourced faculty.

नैनीताल बैंक
NAINITAL BANK
श्री नन्दा देवी महोत्सव
में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन।
नैनीताल बैंक अमूल्य रिश्तों का अटूट बंधन
होम लोन @ 7.40%*
कार लोन @ 7.90%*

# तर्कसंगत जीएसटी

केंद्र सरकार ने जो अब वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में जो सुधार किया है, उसका विपक्षी दल कांग्रेस ने भी स्वागत किया है। नए सुधार में अब चार की जगह केवल दो स्लैब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इस राहत के चलते आम जरूरत की चीजें साबुन, शैंपू, एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी को लेकर काउंसिल की 56वीं मीटिंग में फैसला लिया गया है। इस मीटिंग की संख्या बताती है कि सरकार ने पहले भी इसमें सुधार करने की कोशिश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार नए जीएसटी नियमों में राहत से दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। इतना ही नहीं 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों की दवाएं टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम और तंबाकू प्रोडक्ट पर अब 28 की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। यह नया स्लैब नवरात्रि के पहले दिन यानि 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। होटलों के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी अब 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन वह तब है जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7.5 हजार रुपये या उससे कम हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जो नया स्लैब सरकार ने बनाया है, वह काफी सराहनीय है और इसमें आम आदमी का काफी ध्यान रखा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी सरकार की इस पहल को सही बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि यह पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जनुपयोगी बनाने की जरूरत है। कांग्रेस जीएसटी को लेकर काफी मुखर रही है और सरकार ने जिस तरह की नीतियां जीएसटी को लेकर बनाई थी उसकी आलोचना करती रही है। 2019 और 2024 के घोषणा पत्रों में भी कांग्रेस ने सरल और तर्कसंगत कर व्यवस्था के साथ जीएसटी 2.0 की मांग की थी। हालांकि कांग्रेस मानती है कि जिस जीएसटी का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, उसे कांग्रेस ही 28 फरवरी 2005 में लोकसभा में लेकर आई थी और 2011 में जब तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी यह विधेयक लेकर आए, तब भाजपा ने उसका विरोध किया था। खड़गे ने कहा कि आज यही भाजपा सरकार रिकॉर्ड जीएसटी संग्रहण का जश्न मनाती है जैसाकि टैक्स वसूलकर उसने बहुत बड़ा काम किया हो। खड़गे ने यह भी बोला कि पिछले पांच सालों में आयकर वसूली में 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जीएसटी में 177 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, लेकिन खड़गे ने यह कहकर सरकार की सराहना भी की कि दूर आयद दुरुस्त आयद। आठ वर्ष बाद ही सही जीएसटी पर मोदी सरकार की कुंभकर्णी नींद खुली और उसने जागकर जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की बात की। इसमें कोई दोराय नहीं कि कानून कितना भी अच्छा हो, नियम कितने भी अच्छे हों, अगर वह आम लोगों के हित में नहीं हैं, तो उनका कोई लाभ नहीं होता। सरकार भले ही जीएसटी का बचाव समय-समय पर करती रही हो, लेकिन इसको लेकर जो जटिलताएं थीं, विशेषकर छोटे व्यापारियों के लिए इसको लेकर सरकार का विरोध समय-समय पर होता रहा है। जानकार लोग भी जीएसटी की जटिलता को लेकर सरकार को घेरते रहे हैं।

## रोजगार से खुशहाली आती है



व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था, आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जब सुरक्षा का माहौल बनता है, तो निवेश आता है, निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं, रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है, डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है, जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया, बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की, मातृशक्ति की गरिमा का ख्याल नहीं किया।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# नबी की शिक्षाओं पर चलकर हो सकती है समाज की तरक्की



अमीर खान



सैकड़ों वर्ष पूर्व शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 12 रबी-उल अव्वल 570 ई. को मक्का मुकर्रमा में कुरैश परिवार की एक साधारण और नेक महिला हजरत आमना के यहां एक ऐसा बालक भी पैदा होगा जो बड़ा होकर आखिरी नबी के रूप में न केवल मुसलमानों बल्कि इन्सानियत और ईमान में विश्वास रखने वाले हर इंसान के दिलों में राज करेगा और जिसके जीवन पर दुनिया में शोध चलता रहेगा। कौन नहीं जानता कि आज भी दुनिया हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की सुन्नतों पर शौध रहे हैं और दुनिया अपनी तरक्की के लिए उनकी सुन्नतों को अपना रही है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि खतना (सुन्नत) द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक बीमारी एड्स से बचा जा सकता है तथा उनकी सुन्नत पर चलकर अन्य बीमारियों से भी बचा जा रहा है। मेरा मानना तो यह है कि सुन्नते रसूल जीने का एक ऐसा ढंग है जो शैतान को भी इंसान बना सकता है मगर अफसोस इस बात की है कि जिस नबी की सुन्नतों पर चलकर लोग जीने का ढंग सीखने मे लगे हैं आज उसी नबी में उम्मती इस्लाम को फिरकों में बांटकर खुद इस्लाम को कमजोर करने में लगे हुए हैं। कोई शिया तो कोई सुन्नी और कोई देवबन्दी तो कोई बरेलवी बनकर अपनी पहचान बनाने में सक्रिय है। आखिर क्या कारण है कि एक इस्लाम, एक कुरआन और एक रसूल को मानने वाले सुन्नी और शिया क्यों हो गए। सुन्नी और शिया दोनों ही वाकयाए करबला के लिए यजीद को दोषी मानते हैं। फिर नबी की पैदाईश व वफात को लेकर मतभेद दोनों में क्यों? एक कुरआन एक नबी को मानने के बावजूद भी हम देवबंदी, बरेलवी, वहाबी आदि क्यों? क्या कभी हमने सोचा है कि सुन्नते रसूल पर हम चल भी रहे हैं या नहीं? क्या हम रसूल को शिक्षाओं को वास्तविक रूप से अपना रहे हैं या फिर हम सिर्फ रसूल की उम्मत में होने का ढिंढोरा ही पीटकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं? जरा सोचिए क्या हम वास्तव म सुन्नते रसूल पर चलकर स्वयं को विश्व का आदर्श नागरिक साबित क रहे हैं। उत्तर के लिए यदि स्वयं की आत्मा को खोजें तो आवाज यही आएगी कि हम नबी के आदर्शों पर नहीं वरन उनकी उम्मत में होने का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि हम यह भली भाति जानते भी हैं कि नबी की पैदाईश से पहले दुनिया में अधिकतर लोग जाहलाना जीवन जी रहे थे। चारों तरफ पाप की दुनिया का विस्तार हो रहा था। लोगों को खुदा के बारे में सही जानकारी ही नहीं थी कि खुदा एक है और यह पूरी प्रकृति उसी की नियामत है। इस सब की सच्चाई बताने के लिए खुदा ने नबी को पैगम्बर बनाकर दुनिया में भेजा था। उनको नबुवत मिलते ही दुनिया खुदा को एक मानने लगी। पापों की जिन्दगी से अपना नाता तोड़ने लगी। भाई को भाई से प्यार बढ़ता गया। दुनिया में सच्चाई का आईना साफ होने लगा। मगर इस चौदहवीं सदी यानि कलयुग में फिर सब स्वार्थी हो गए और हमने मुहदम्मद स. की सुन्नतों को सिर्फ अपना सुरक्षा कवच समझ लिया, जबकि होना तो यह चाहिए कि नबी की सुन्नतों पर चलने वाला हर इन्सान फिर चौदह सो साल पुरानी नबी जिन्दगी को अपनाकर देखे तो निश्चित रूप से हमारा दीनी व दुनियावी विकास संभव हो सकेगा। मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आशय यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल (विवाह) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा। इसलिए मैं यही कह सकता हूं कि वर्तमान सन्दर्भ में पैगम्बर-ए-इस्लाम के विच. ारों को प्रासंगिता पर यदि गंभीरता से विचार किया जाए, तो एक ही जवाब आएगा कि हर समस्या का समाधान सुन्नत-ए। रसूल द्वारा सरलता से किया जा सकता है या यूं कहिए कि वर्तमान युग में जहां एक ओर भाई-भाई की जान का दुश्मन बन रहा है तो वहीं हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की शिक्षाओं पर चलकर जन-जन तक मोहब्बत का पैगाम फैलाया जा सकता है।

**मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आशय यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल ( विवाह ) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा।**

(लेखक अधिवक्ता, चिंतक व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं, मो. 9359207069)

# जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक

**आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिए टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशास. निक अधिकारी बनाने का सपना संजोए रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामा. जिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा। राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है।**



योगेश कुमार गोयल

विश्वभर में लगभग सभी महापुरुषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरुकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरुकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है।

आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे। दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षकों का प्रयास और रच दिया इतिहास



नदीम सिद्दीकी



बूंद बूंद से घड़ा भरना, ए कहावत हम सब ने अपने बचपन में पढ़ी है और कई बार सुनी भी है, लेकिन इसे वास्तविकता के धरातल पर उतार कर पूरा कर दिखाया है टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने। यह टीम अपनी एकता और सहयोग की भावना से आज सिर्फ रु. 15 के सहयोग से एक दुखी परिवार को 50 लाख रुपए से ज्यादा की रकम सिर्फ दस दिन में भेज देती है । हर महीने 20 शिक्षकों के परिवारों को 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद इस टीम के प्रयास से की जा रही है। भारत में पहली बार कोई संस्था, इस प्रकार का पुनीत कार्य इतने बड़े स्तर पर कर रही है। आज उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड में इस संस्था का विस्तार हो चुका है और शीघ्र ही भारत के अन्य राज्यों में यह सेवा और सहयोग का इतिहास रचने जा रही है ।

2020 में विश्व भर में कोरोना महामारी के बाद नए नए परिवर्तन और प्रयोग हुए हैं । उन्हीं दिनों एक बेहद सफल प्रयोग प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद ने किया जब उन्होंने अपने चंद साथियों सुधेश पाण्डेय, संजीव रजक, डॉ. फरुख हसन, बबीता वर्मा, अंकिता शुक्ला, विवेक, सुमन, अनिल, अवनीश, अखिलेश, विपुल आदि के साथ मिलकर एक संस्था का निर्माण किया और उसका नाम टीचर्स सेल्फ केयर टीम रखा। संस्था का उद्देश्य था कि कोरोना महामारी के बाद इस संस्था से जुड़े शिक्षक के दिवंगत होने पर उसके परिवार की आर्थिक मदद करना। जब संस्था से मात्र 2000 शिक्षक ही जुड़े थे तब प्रयागराज के एक शिक्षक शकील अहमद का आकस्मिक निधन हुआ और वह भी इस टीम के सदस्य थे। संस्था से जुड़े अन्य सदस्यों ने उनके परिवार को सीधे उनके खाते में मदद भेजी जो की पहली बार में ही साढ़े सात लाख रुपए से ज्यादा की थी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में इस प्रकार की यह पहली मदद थी। जिस की तेजी के साथ पूरे प्रदेश में चर्चा हुई और टीम ने शिक्षकों को स्कूल में जा कर संस्था से जोड़ना शुरू कर दिया। वहां से शुरू हुआ यह सिलसिला, आज बड़े एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। जो संस्था केवल 2000 शिक्षकों के साथ शुरू हुई थी, आज पांच साल बाद उत्तर प्रदेश में इसके चार लाख 12 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। उत्तर प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षक, प्रवक्ता, प्रोफेसर इससे जुड़े हैं। यही नहीं शिक्षा विभाग के क्लर्क, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुद. ेशक, शिक्षामित्र और खंड शिक्षा अधिकारी समेत कई पदों पर कार्यरत कर्मचारी इस संस्था के सदस्य हैं। यह सब हर महीने अपने दिवंगत शिक्षक परिवारों की मदद, सीधे उनके परिवार के खाते में पैसे भेज कर करते हैं। 5 साल के अल्पकाल में ही 396 शिक्षक परिवारों को लगभग 168 करोड़ से ज्यादा की मदद इस संस्था की अपील पर की जा चुकी है। माइक्रो मैनेजमेंट की बेहतरीन मिसाल के साथ बिना किसी स्वार्थ और पारदर्शी तरीके से यह संस्था, अपने सदस्यों के परिवारों की लगातार मदद कर एक नया इतिहास रच रही है । इस संस्था से जुड़ने के बाद केवल एक नियम का पालन करना होता है कि प्रत्एक सदस्य को हर महीने सहयोग करना जरूरी है। टीचर सेल्फ केयर टीम के सदस्य की मृत्यु होने पर प्रदेश कोर टीम उस दिवंगत शिक्षक के सभी सहयोग चेक करके उसको वैधानिक घोषित करती है। साथ ही दिवंगत शिक्षक द्वारा बनाए गए नॉमिनी का अकाउंट नंबर अपनी वेबसाइट, एप और व्हाट्सएप के हर जिला ग्रुप पर जारी करती है। हर महीने की 15 तारीख को सहयोग शुरू होता है और 25 तारीख को खत्म हो जाता है। सभी सदस्य 20 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों के अकाउंट नंबर में सीधे मात्र रु. 15 का सहयोग किसी भी एप द्वारा करते हैं और अपनी रसीद टीचर्स सेल्फ केयर टीम की वेबसाइट पर अपलोड कर देते हैं। जिससे हर परिवार को 50 लाख से ज्यादा की धनराशि केवल 10 दिन में ही प्राप्त हो जाती है । इस तरह हर महीने कुल मिलाकर 10 करोड़ से ज्यादा की रकम बेहद पारदर्शी तरीके से सीधे बीस परिवारों के अकाउंट में पहुंच जाती है। उत्तर प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं बचा है जहां के दिवंगत शिक्षक के परिवार का सहयोग इस संस्था ने अब तक ना किया हो। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में इस संस्था की टीम निस्वार्थ भाव से अपना कार्य करती है जिसके लिए ना तो उसे कोई वेतन मिलता है ना ही कोई पारितोषिक मिल पाता है।


उनका इनाम मदद के बाद उन परिवारों के दुखी चेहरे पर आने वाली मुस्कुराहट है जिनका कमाने वाला इस दुनिया से चला जाता है और घर का खर्च चलना भी मुश्किल हो जाता है। मुजफ्फरनगर जिले से डॉक्टर फरुख हसन, जो इस बड़ी संस्था में प्रदेश संगठन मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं, उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के भी आठ दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों का लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपए का सहयोग टीएससीटी द्वारा किया जा चुका है । अगले महीने दो और दिवंगत शिक्षक के परिवारों की लगभग एक करोड़ से ज्यादा की सहायता की जाएगी । संस्था की खासियत उसकी पारदर्शी व आसान व्यवस्था है । संस्था स्वयं अपने खाते में कुछ नहीं लेती बल्कि शिक्षक के परिवार का अकाउंट नंबर जारी करती है , जिसमें सदस्यों को खुद सीधे पैसा भेजना होता है। इस से व्यवस्था पारदर्शी बनी रहती है। वेबसाइट पर अपने सहयोग को चौक किया जा सकता है। आने वाले समय में शिक्षकों की गंभीर बीमारी में मदद और शिक्षक की कन्या के विवाह में मदद की योजना भी संस्था के द्वारा शुरू की जा रही है।


आज उत्तर प्रदेश का कोई भी विद्यालय ऐसा नहीं बचा है जहां का कोई शिक्षक और कर्मचारी टीचर्स सेल्फ केयर टीम के साथ ना जुड़ा हो। प्रदेश के हर ब्लॉक में इस संस्था की टीम अपने कार्य को निस्वार्थ सेवा के भाव से अंजाम दे रही है। संस्था का सूत्र वाक्य आज का सहयोग, कल का सहारा, है। संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद का उद्देश्य है कि भविष्य में सिर्फ रु. 10 की मदद से एक शिक्षक के परिवार की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की जाए। जिसे पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी इस संस्था के से जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। कहा जाता है कि शिक्षक समाज का निर्माण करता है। यदि इस वाक्य को हकीकत में जानना है तो टीचर्स सेल्फ केयर टीम के कार्य को देखकर इसे बखूबी समझा जा सकता है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शिक्षकों के बीच बिना भेदभाव के वर्ग, जाति ,धर्म, भाषा, क्षेत्र की भावना से ऊपर उठकर एक ऐसे दयालु और संवेदनशील समाज का निर्माण किया है जो अपने किसी साथी के इस दुनिया से जाने के बाद, उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा होकर उसे आर्थिक और मानसिक बल प्रदान करता है। यह अपने आप में एक मिसाल है जिसका कहीं कोई और उदाहरण नहीं है। शिक्षकों का यह व्यवस्थित और अनोखा कार्य देश और समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


माँ नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रस्तुतिः-
आकांक्षी मेवाड़ी
दिग्विजय सिंह बिष्ट
(अफज़ल हुसैन फौजी)
SANWAL SENIOR SECONDARY SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL - 263001
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi
Co- Educational
School Code : 81375 Affiliation No. 3530136
Ph. 05942-235747, Fax : 233228
E-mail : sanwal_school@rediffmail.com
उत्तराखण्ड की अधिष्ठात्री
माँ नन्दा देवी आराधना के पावन पर्व
माँ नन्दा सुनन्दा महोत्सव
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
आप सभी भक्तों का हार्दिक स्वागत
मोहित आर्या
Vikram
Vintage Inn
Nainital
Mallital, Nainital- 263001(U.K.) Mobile-9719193107
Web: www.vikramvintageinn.com


LAKESIDE INN
THE MALL, NAINITAL
Tel.: (05942) 235777
E-mail:
lakesideinnnainital@rediffmail.com
Finest Location:
19 Luxuriously Furnished Rooms facing the Lake.
Cable T.V., Parking Facility, Restaurant, Doctor on call.


LEISURE HOTELS
THE NAINI RETREAT
Ayarpatta Slopes, Hari Bhawan, Mallital, Nainital-263001
Tel.: 235105, 235108, 9568466130
E-mail: nainital@leisurehotels.in


माँ नंदादेवी
महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाएं
लोक निर्माण विभाग
प्रांतीय खंड, नैनीताल


BISHOP SHAW
INTER COLLEGE
EST.1971 ENGLISH MEDIUM,
CO-EDUCATION RECOGNIZED U.A. BOARD FOLLOWING
REG. OPEN 2025-26
Class Nursery to 12
Veena Massey
PRINCIPAL
Neelam Dani
MANAGER
TALLITAL, NAINITAL, PH. 05942-235371


Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE
NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12
Reg. Open
2026-27
Affiliated to CISCE,
New Delhi &
IGCSE, AS &
A Level
Cambridge
London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in


HOTEL CHANNI RAJA
The Mall, NAINITAL 263001, Uttarakhand
Contact:
(05942) 235643,
232859



होटल हैप्पी होम एवं
चाँदनी चौक रेस्टोरेंट
की ओर से आप सभी को
माँ नन्दा देवी महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं बधाईयां


माँ नन्दा सुनन्दा महोत्सव के अवसर पर
समस्त देशवासियों को नैनीताल प्राणी उद्यान
परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
नैनीताल प्राणी उद्यान के वन्य प्राणी आपके स्नेह के पात्र हैं, इनकी रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है। इन वन्य प्राणियों को अंगीकृत कर इनके संरक्षण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।
वन प्रभागीय अधिकारी
नैनीताल


ADMISSIONS
OPEN FOR
11TH GRADE
Limited seats for Grade 11th in
Science, Commerce and Humanities.
REGISTER NOW
Call Us
6397909778 / 9411110395
For more details, visit
www.lpsnainital.edu.in


SHERVANI HILLTOP, NAINITAL
समस्त क्षेत्रवासियों को
माँ नंदा देवी महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
Celebrate your social functions, enjoy a lavish dining
experience with live singing at an affordable price
Tel: +91 9411197601, 05942-233800
Email: nainital@shervanihotels.com
Website: www.shervanihotels.com


Prim Rose
The Mall Nainital
Just Above The Mall
• Spacious Parking Facility
• Amidst Beautiful Green Environment
• Spacious Rooms with All Modern Amenities
A HOME AWAY FROM HOME
Tel-91-05942-237524,232230 fax-232231
Email-hotel_primrose@yahoo.co.in


Alka
Gracious Hospitality
awaits you at
Alka
THE LAKE SIDE
HOTEL
The Mall, Nainital, Uttarakhand 263 002 India
Ph.: (05942) 235220, 236626-8, 239058-9
E-mail: info@alka.in reservations@alka.in | Website: www.alka.in